WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | खेल/ बिजनेस

RNI NO - MPHIN/2017 /72749 भोपाल, शनिवार 20 दिसंबर 2025 , कृष्ण पक्ष अमावस्या , विक्रम संवत -2082 , वर्ष -9 अंक -214 पृष्ठ -08 मूल्य-4 भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

समझ में नहीं आता कि ये विपक्षी नेता भाजपा को बार-बार चुनौती देकर नामुमकीन समझे जाने वाले कामों को मुमकीन बनाने के लिए क्यों उकसाते हैं? मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे कह कर चिढ़ाया तो राम मंदिर बनाकर दिखा दिया गया। ट्रिपल तलाक और कश्मीर से 370 के खात्मे को लेकर चैलेन्ज दिया गया तो ये दोनों भी बिना किसी चूं-चपड़ के खत्म कर दिये गये। अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने चुनौती दी है कि भाजपा में दम है तो वह नोट से महात्मा गांधी की फोटो हटाकर दिखाए। खुदा खैर करे।

राजधानी भोपाल को आज मिलेगी मेट्रो ट्रैन की सौगात

शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल रहेंगे मौजूद

भोपाल/नवप्रदेश। राजधानी भोपाल में 20 दिसम्बर शनिवार को अत्याधुनिक मेट्रो रेल सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल शाम 4 बजे भोपाल के कुशाभाऊ अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेन्टर में करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल सुभाष मेट्रो स्टेशन पर हरी झण्डी दिखाकर मेट्रो को रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री मेट्रो में सवारी भी करेंगे। दोनों एम्स पहुंचकर प्रेस को संबोधित करेंगे। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश

विजयवर्गीय भी मौजूद रहेंगे।

भोपाल मेट्रो का राजधानी में परिचालन ऐतिहासिक पल

देश के दिल मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को एक और गौरव प्राप्त हो रहा है। भोपाल मेट्रो अत्याधुनिक रेल सेवा है। भोपाल मेट्रो 30.8 किलोमीटर लंबी परियोजना भोपाल के शहरी क्षेत्र को आसान, तेज और पर्यावरण के अनुकूल बनायेगी। परियोजना में दो कॉरीडोर लाइन और एक डिपो है। भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन 16.74 किलोमीटर और ब्लू लाइन 14.16 किलोमीटर की है। यह परियोजना शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को जो?ते हुए यातायात के दवाब को कम करेगी और नागरिकों के जीवन स्तर को उन्नत बनायेगी। भोपाल मेट्रो आधुनिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नई दिल्ली (वार्ता)। अठारहवीं लोकसभा के छठे सत्र में सदन की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही और इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किये गये। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों को सूचित करते हुए कहा अब हम 18वीं लोकसभा के छठे सत्र की समाप्ति की ओर आ गये हैं। इस सत्र में हमने 15 बैठकें की। आप सभी के सहयोग से इस सत्र में सदन की उत्पादकता लगभग 111 प्रतिशत रही। इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों ने देर रात तक सदन चलाने में सहयोग किया, इसके लिए धन्यवाद देता हूं। उसके बाद अध्यक्ष ने लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी ।

शीतकालीन में लोकसभा में आठ विधेयक पारित किये गये: अठारहवीं लोकसभा का छठे सत्र में आठ विधेयक पारित किये गये और इस दौरान सदन की कार्य-उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। एक दिसंबर को शुरू हुआ सत्र आज सम्पन्न हो गया।

प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे पर नहीं हुई चर्चा: इस शीतकालीन सत्र की सबसे बड़ी बात यह रही कि देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे पर संसद में कोई विस्तृत चर्चा नहीं हो सकी। विपक्ष ने इसे सत्र की बड़ी चूक बताया।

भुल्लर की जमानत अर्जी खारिज

नई दिल्ली (आईएएनएस)। रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब में रोपड़ के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उनकी जमानत की मांग से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि इस स्टेज पर वह दखल नहीं देगा, क्योंकि मामला अभी हाई कोर्ट में पेंडिंग है।

अब शिक्षकों और विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजा गया है। जारी निर्देशों के अनुसार शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए विद्या समीक्षा केंद मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए प्ले स्टोर का लिंक भी विभाग द्वारा जारी किया गया है, ताकि सभी संबंधित अधिकारी और स्कूल आसानी से ऐप डाउनलोड कर सकें। आदेश में बताया गया है कि यह व्यवस्था पहले प्रदेश के 7 जिलों में लागू की गई थी।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हर चुनौती का सामना करते हुए देश को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं : सीएम यादव

मध्यप्रदेश आई.ए.एस. एसोसिएशन सर्विस मीट 2025 का किया शुभारंभ

भारत अब हर चुनौती और परिस्थिति का सामना करने में सक्षम

यह समय नवाचार और तकनीक को अपनाने तथा नागरिक की दृष्टि से सोचने का है

हमें प्रदेश के विकास के लिए अपना शत-प्रतिशत देने का संकल्प लेना होगा

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद का विचार था कि 21वीं सदी भारत की होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रभावी नेतृत्व और मार्गदर्शन में आज विवेकानंद जी का यह स्वप्न साकार होता दिख रहा है। वर्तमान में विश्व का हर देश भारत से मित्रता करना चाहता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब हर चुनौती और परिस्थिति का सामना करने में सक्षम है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भूमिका के आधार पर ही भारत आज दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है। हमारे प्रशासनिक अधिकारी हर चुनौती का सामना करते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। भारत की अनेक विविधताओं के बीच आज देश में यह सेवा क्षेत्र मजबूती और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव म.प्र. आई.ए.एस. एसोसिएशन सर्विस मीट-2025 के शुभारंभ अवसर पर प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित मध्यप्रदेश कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश की आजादी के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के फलस्वरूप प्रशासनिक व्यवस्था निर्मित हो पाई। देश में राजाओं की सत्ता को प्रजातंत्र में बदलने में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हमारे देश की संवैधानिक व्यवस्था में संघीय प्रणाली है और इस बीच प्रदेश के अधिकारियों ने केंद्र-राज्यों के साथ समन्वय करते हुए राज्य की बेहतर छवि बनाई है। मध्यप्रदेश एक प्रयोगशाला की तरह है, जहां कई क्षेत्रों में लगातार नवाचार हुए और इनमें से कई नवाचारों का देश-दुनिया में अनुसरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी योग्यता और अनुभव के महत्व को पहचानते हैं। इसी का परिणाम है कि सेवाकाल के बाद भी कई अधिकारियों के अनुभव का लाभ शासन व्यवस्था को मिल रहा है। प्रदेश के सभी प्रशासनिक अधिकारी सम्मान के हकदार हैं। प्रसन्नता का विषय है कि सभी अधिकारी एक परिवार की तरह हर कठिनाई से निकलने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अनुभव से भरे हमारे वरिष्ठ अधिकारी और ऊर्जा से भरे हमारे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विद्या से बड़ा कोई धन नहीं, विद्वान का सम्मान यत्र-तत्र सर्वत्र होता है: खाद्य मंत्री राजपूत

श्री सिंह ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के 800 से अधिक प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

भोपाल/नवप्रदेश। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह 2025 महाकवि पद्माकर सभागार में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में शैक्षणिक सत्र के दौरान 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंत्री श्री राजपूत ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं एक- एक हजार रुपये प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट की प्रगति की सबसे मजबूत नींव है। विद्या से बड़कर कोई धन नहीं। विद्वान सर्वत्र पूजा जाता है। हमारे प्रदेश-देश के विद्वानों का सम्मान देश के बाहर सात समंदर पार भी होता है। आई.टी. के विद्यार्थी सारे विश्व में बड़ी-बड़ी वैज्ञानिक संस्थाओं का संचालन कर रहे हैं। चाहे वह नासा हो या अन्य कोई जगह ग्रामीण प्रतिभायें जितनी तेजी से विद्या ग्रहण कर रही हैं वह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। सुरखी विधानसभा में बड़े शहरों की भांति विद्यालय है। स्मार्ट क्लासेस है। अच्छी प्रयोगशालाएं है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डॉ. मोहन यादव सरकार की शिक्षा की उच्च गुणवत्ता के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या कर शव को जलाया

ढाका (आईएएनएस)। बांग्लादेश में जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, हालात दयनीय होते जा रहे हैं। हिंसा और अराजकता की स्थिति चरमसीमा पार कर चुकी है। हत्या और आगजनी की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में भी इजाफा हुआ है। मयमनसिंह जिले के भालुका उपजिला में भीड़ ने एक हिंदू युवक की हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार युवक पर इस्लाम का अपमान करने का आरोप था। इससे भी भयावह यह है कि युवक की हत्या के बाद उसके शव को आग लगा दी गई।

इस घटना के बाद से इलाके में तनाव बढ़ गया। इसकी वजह से ढाका-मैमनसिंह हाईवे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक रोक दिया गया। यह हिंसा गुरुवार रात को उपजिला के स्क्वायर मास्टरबाड़ी इलाके में पायनियर निट कम्पोजिट फैक्ट्री में हुई। मरने वाले हिंदू युवक की पहचान दीपू चंद्र दास (30) के तौर पर हुई है। दीपू फैक्ट्री में काम करता था और मैमनसिंह के तारकंडा उपजिला का रहने वाला था। स्थानीय सूत्रों के हवाले से, बांग्लादेशी बंगाली मीडिया आउटलेट बार्टा बाजार ने बताया कि दीपू पर वल्ड अरेबिक लैंग्वेज डे पर फैक्ट्री में हुए एक इवेंट के दौरान इस्लाम और पैगंबर मुहम्मद के बारे में गलत कमेंट करने का आरोप था। गुस्साई भीड़ ने उसे पीटा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, युवक की मौत के बाद हालात और खराब हो गए। भीड़ शव को स्क्वायर मास्टरबाड़ी बस स ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजापुर मठभेड़ में एसीएम फगनू माड़वी ढेर

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ जारी है। भैरमगढ़ एरिया के अड़वारा के जंगलों में हो रही मुठभेड़ को लेकर बड़ी अपडेट निकलकर सामने आया है। डीआरजी जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है. मारे गए नक्सली की शिनाख्ती एसीएम फगनू माड़वी उम्र 35 वर्ष निवासी गोरना के रूप में हुई है। उसपर 5 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

दरअसल, भैरमगढ़ अन्तर्गत इन्द्रावती क्षेत्र में आदवाड़ा- कोटमेटा के जंगलों में माओवादियों के मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इस इनपुट पर बीजापुर से डीआरजी जवानों की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। अभियान के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। शुक्रवार की सुबह से दोनों ओर से रूक-रूककर गोलीबारी हो रही है।

कैसे हुई जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ : पुलिस अधीक्षक, बीजापुर डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम आज बंगाल को देंगे ३२सौ करोड़ की सौगात

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लेकर बढ़ती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 दिसंबर शनिवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। पीएम मोदी पश्चिम बंगाल में 3200 करोड़ रुपए के दो नेशनल हाईवे प्रोजेक्टों की नींव रखेंगे। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

66.7 किलोमीटर लंबे बाराजगुली से कृष्णानगर सेक्शन के चौड़ीकरण कार्य की आधारशिला रखेंगे। वह उत्तरी 24 परगना जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के 17.6 किलोमीटर लंबे बारासात-बाराजगुली सेक्शन के 4 लेन चौड़ीकरण कार्य की भी नींव रखेंगे। पश्चिम बंगाल के लिए ये दोनों प्रोजेक्ट काफी अहम हैं। इनके शुरू होने से कोलकाता और सिलीगुड़ी के बीच रोड लिंक मजबूत हो सकेगा और सफर का समय करीब 2 घंटे कम हो सकेगा। इसके अलावा इससे क्षेत्र में आर्थिक तरक्की और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले प्रधानमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अर्थ नीति ही तय करती है राष्ट्र की प्रगति की दिशा : सीएम यादव

निवेशकों की जैसी जरूरत, वैसी मदद करेगी सरकार

लॉन्च की गई 18 नई औद्योगिक पॉलिसी प्रदेश के विकास में बन रही हैं गेम चेंजर

भारत अब मेक इन इंडिया से लेकर तैयार है मेक फॉर वर्ल्ड के लिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कांफ्रेंस-2025 को मुम्बई में किया संबोधित

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसी भी राष्ट्र की सशक्त अर्थ नीति और वैचारिक दूरदर्शिता ही उसके विकास की संतुलित गति, स्थायित्व और भविष्य की दिशा तय करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीता दशक देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्वर्णिम काल रहा है। इस दौरान देश ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुंबई में आयोजित वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस, 2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। मध्यप्रदेश में निवेश और सरलता से व्यापार-व्यवसाय बढ़ाने के लिए हमारी सरकार निवेशकों की हर संभव मदद करने को तत्पर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश करने के इच्छुक हर निवेशक के लिए हमारी सरकार

हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। निवेशकों की जरूरतों से हम वाकफि हैं, इसीलिए जैसी जरूरत, हमारी सरकार निवेशकों की वैसी मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सब मिल जुलकर %मेक इन इंडिया% और %विकसित भारत% के संकल्प को साकार करेंगे। देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में 25 दिसंबर को भारतरत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह प्रदेश में 2.5 लाख करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट' में शामिल होने के लिए ग्वालियर आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आयोजन 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के सफल समापन का साक्षी बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेशकों को बेहतर पॉलिसी, अवसर, इन्सेंटिव, इको सिस्टम, मार्केट लिंकेज और ग्रोथ रेट के साथ-साथ सरकार का फुल सपोर्ट मिलेगा। हमारे यहां उद्योगों के लिए पर्याप्त लैंड और वॉटर बैंक है, यूथ फोर्स है और स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स भी है। उन्होंने निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए बेहिचक आगे ब?ने का आहवान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए भारत की आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस रफ्तार से आर्थिक प्रगति कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। सुदृढ़ नीतियों, संरचनात्मक सुधारों, आत्मनिर्भर भारत अभियान और वैश्विक निवेशकों के बढ़ते विश्वास के कारण हमारा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। देश-विदेश से बड़ी संख्या में आए बिजनेस टायकून्स, उद्योगपतियों, नीति-निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों, ग्लोबल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

एक बगिया मां के नाम परियोजना में हिग्राहियों का प्रशिक्षण आयोजित

उज्जैन/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बडनगर में गत दिवस मनरेगा योजना अंतर्गत एक बगिया मां के नाम परियोजना में लाभान्वित हितग्राहियों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें

पौधरोपण, पौधों की सुरक्षा, जलकुण्ड एवं परियोजना में ड्रिप इरिगेशन के सम्बंध में उद्यानिकी विभाग कृषि विभाग से अनुदान की जानकारी एवं सुविधाओं का लाभ देने के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बडनगर, परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत, एवं उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण एवं योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कला पर्व मे देशभर से 175 से अधिक युवा कलाकार करेंगे भागीदारी

उज्जैन/नवप्रदेश। प्रदेश की प्रतिनिधि कला संस्था कलावर्त न्यास के वार्षिक प्रतिष्ठा आयोजन चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कला उत्सव में इस वर्ष मोरिशस, ब्रिटेन, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल के साथ ही देश की 18 से अधिक प्रतिष्ठित कला संस्थानो के 175 से अधिक युवा कलाकार शिरकत करेंगे। न्यास के सचिव पवन गरवाल ने बताया कि विगत वर्षो से इस वर्ष युवा कलाकारों कि संख्या मे आशातीत बढ़ोत्तरी हुई है जो इस आयोजन कि

प्रतिष्ठा बढाती है। 25 दिसंबर से प्रारंभ होने जा रहे इस आयोजन में मुख्य रूप से डॉ संजय कुरहें कॉलेज ऑ? मॉडर्न आर्ट अमरावती के सर्वाधिक 43 विद्यार्थी भागीदारी कर रहे है। इसके अतिरिक्त मीत फाइन आर्ट कॉलेज, पुणे, पेसीफिक यूनिवर्सिटी, उदयपुर, चितकारा यूनिवर्सिटी, पंजाब लाइन लाइट फाइन आर्ट इंस्टिट्यूट संभाजी नगर, श्री कला महाविद्यालय, नागपुर, सी व्ही एम कॉलेज वी. विद्यानागर तथा अभिनव कला महाविद्यालय पाषाण (पुणे) के कलाकार भी शामिल होंगे। इनके अतिरिक्त 70 से अधिक वरिष्ठ चित्रकार भी आयोजन मे शामिल होंगे। गरवाल ने बताया कि ये सभी चित्रकार चार दीन कला शिविर के अंतर्गत कला सृजन करेंगे।

सीएम यादव का संदेश बना नवोत्सव 4.0 की प्रेरणा,उज्जैन सहित प्रदेशभर से 6000 नवोदयन्स जुटेंगे

उज्जैन/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश एलुमनी एसोसिएशन ऑफ नवोदयन्स (MAAN) द्वारा 20 दिसंबर को आयोजित किए जा रहे नवोत्सव 4.0 को प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शुभकामना संदेश प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री के संदेश से आयोजन को नई गरिमा, ऊर्जा और उत्साह मिला है। इस आशय की जानकारी महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद (EC) सदस्य और नवोदयन श्री गौरव धाकड़ ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

यादव ने अपने संदेश में नवोदय विद्यालयों से निकले विद्यार्थियों को अनुशासन, प्रतिभा और नवाचार का प्रतीक बताते हुए कहा है कि नवोत्सव जैसे आयोजन युवाओं को रचनात्मकता, उद्यमशीलता और सामाजिक दायित्व के लिए सशक्त मंच प्रदान करते हैं। नवोत्सव 4.0 में उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के सभी संभागों तथा अन्य राज्यों से लगभग 6000 नवोदय पूर्व छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे। इस वर्ष आयोजन की थीम ÷Meet, Memories and Moments÷ (मिलन, स्मृतियाँ और यादगार क्षण) रखी गई है, जिसके अंतर्गत संवाद सत्रों के साथ अनुभव-साझा और रचनात्मक प्रस्तुतियों का उत्सव आयोजित होगा। कार्यक्रम में लाइव परफॉर्मेंस, कॉमेडी, लाफ्टर स्टोरी टेलिंग, द कबीर स्टूडियो, DJ Sonic जैसे लोकप्रिय कलाकारों की प्रस्तुतियाँ मुख्य आकर्षण रहेंगी, जो आयोजन को यादगार बनाएँगी। उज्जैन से भी सैकड़ों नवोदयन्स इस महासंगम में सक्रिय भागीदारी करेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। MAAN ने मुख्यमंत्री के शुभकामना संदेश के लिए आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि नवोत्सव 4.0 न केवल नवोदय परिवार को एक सूत्र में बाँधेगा, बल्कि विकसित मध्यप्रदेश, विकसित भारत के संकल्प को गति प्रदान करेगा।

बीमा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का विरोध

उज्जैन/नवप्रदेश। बीमा में 100त्न विदेशी प्रत्यक्ष निवेश से, विदेशी बीमा कंपनियां हमारी घरेलू बचत और हमारी आर्थिक संप्रभुता पर पूरी तरह कब्ज़ा कर लेंगी, जिससे बीमा नियामक और केंद्र सरकार को और भी विनाशकारी कदम उठाने पड़ेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र को खत्म करने, उनके कामकाज में रुकावट डालने और संसदीय जाँच को कमजोर करने की मांगें उठेंगी। इसमें कोई शक नहीं कि मौजूदा केंद्र सरकार इसके फायदे गिना रही है पर उनके इरादों में संशय है क्योंकि इससे सिर्फ विदेशी पूंजीपतियों को मदद मिलेगी। सरकार की इन मनमानी कॉर्पोरेट-समर्थक नीतियों को बदलने के लिए आल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन के आव्हान पर भारतीय जीवन बीमा निगम के उज्जैन शाखा कार्यालयों में भोजनावकाश में प्रदर्शन किये गए। प्रदर्शन को वर्ग एक अधिकारी संघ ने भी समर्थन दिया।

कड़ाके की सर्दी से कांपा प्रदेश , मालवा-निमाड़ में पारा लुढ़का, ग्वालियर-चंबल में कोहरा बना आफत

मध्यप्रदेश में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का असर लगातार बना हुआ है। मालवा-निमाड़ अंचल में सबसे ज्यादा ठंड पड़ रही है, जहां कई शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। वहीं ग्वालियर-चंबल, रीवा और सागर संभाग में घने कोहरे के कारण दृश्यता घटकर 1 किलोमीटर से भी कम रह गई है।

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में कड़ाके की सर्दी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल में ठंड ने लोगों की कंपकंपी बढ़ा दी है। इंदौर और उज्जैन संभाग के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है, जिससे रात और सुबह का समय बेहद सर्द हो गया है। वहीं प्रदेश के उत्तरी हिस्सों ग्वालियर-चंबल, रीवा और सागर संभाग में घना कोहरा लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। हालात ऐसे हैं कि सुबह के वक्त एक किलोमीटर से आगे कुछ भी साफ नजर नहीं आ रहा। शुक्रवार सुबह भी प्रदेश के 13 जिलों में कोहरे का असर बना रहा।

इन जिलों में घना कोहरा, विजिबिलिटी घटेगी

मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा भोपाल, शाजापुर, इंदौर, उज्जैन, राजगढ़, देवास, सीहोर, रायसेन और विदिशा में भी कोहरा छाए रहने की संभावना है। इन जिलों में दृश्यता 1 से 4 किलोमीटर के बीच रह सकती है।

बुधवार-गुरुवार की रात तापमान में और गिरावट दर्ज की गई। भोपाल में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री, इंदौर में 4.5, ग्वालियर में 9.3, उज्जैन में 7.3 और जबलपुर में 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे ठंडा इलाका शहडोल जिले का कल्याणपुर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री तक पहुंच गया। मालवा-निमाड़ के इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और शाजापुर में भी तापमान 5 डिग्री से नीचे बना हुआ है।

कोहरे से यातायात प्रभावित

घने कोहरे का सीधा असर रेल सेवाओं पर भी पड़ा है। दिल्ली से इंदौर और भोपाल आने वाली अधिकांश ट्रेनें 30 मिनट से लेकर 5 घंटे तक की देरी से चल रही हैं। गुरुवार को पंजाब मेल, शताब्दी एक्सप्रेस, झेलम एक्सप्रेस, सचखंड, मालवा, छत्तीसगढ़, कोल्हापुर सुपरफास्ट और मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस जैसी कई प्रमुख ट्रेनें प्रभावित रहीं। ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन रेलवे स्टेशनों पर भी ट्रेनों के देर से पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार सुबह भी कोहरे के चलते कई ट्रेनें अपने तय समय से पीछे रहीं। कोहरे की वजह से हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई, गोवा और बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट्स में देरी दर्ज की गई। गुरुवार को कई उड़ानें 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक देर से रवाना हुईं।

नवंबर में ही दिखा सर्दी का रिकॉर्ड असर

इस साल सर्दी ने नवंबर में ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। भोपाल में लगातार 15 दिन तक शीतलहर चली, जो 1931 के बाद सबसे लंबा दौर माना जा रहा है। 17 नवंबर की रात तापमान 5.2 डिग्री तक गिर गया, जो अब तक का रिकॉर्ड है। वहीं इंदौर में भी पारा 6.4 डिग्री तक लुढ़का, जो 25 साल में सबसे ठंडी रात रही। मौसम विभाग का कहना है कि दिसंबर और जनवरी ठंड के लिहाज से सबसे अहम महीने होते हैं और इस दौरान उत्तर भारत से आने वाली सर्द हवाओं का असर प्रदेश में सबसे ज्यादा देखने को मिलता है।

कलेक्टर सिंह ने 08 व्यक्तियों को छह-छह माह के लिए जिला बदर किया

उज्जैन/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रौशन कुमार सिंह ने नागदा थाना क्षेत्र के यश उर्फ बारिक पिता राकेश राजोरिया, माधवनगर थाना क्षेत्र के निलेश उर्फ निलु पिता लक्ष्मी नारायण संगत, महिदपुर थाना क्षेत्र के माखन सिंह पिता उदय सिंह, नरवर थाना क्षेत्र के मेहरबान पिता बापु बागरी , कोतवाली थाना क्षेत्र के सागर पिता जगदीश लश्करी, माधवनगर थाना क्षेत्र के हर्षद उर्फ बंटी कल्याणी पिता दिनेश कल्याणी, भैरवगढ थाना क्षेत्र के सावन पिता सुनिल उर्फ पप्पा लोट और सुनिल उर्फ टार्जन पिता शोभाराम दायमा को छह-छह माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आदेश के तहत उक्त आठों व्यक्तियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास,इंदौर,रतलाम,शाजापुर,मंदसौर,धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह-छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। यदि उक्त अनावेदकों के विरुद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे, परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी।

मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था देश के 100 उत्कृष्ट एनजीओ में शामिल

रचा इतिहास, इंपैक्ट इंडिया समिट 2025 में हुआ सम्मान

उज्जैन/नवप्रदेश। इंदौर में हुई इंपैक्ट इंडिया समिट 2025 में मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था हरसोदन उज्जैन ने अपना स्थान भारत के 100 उत्कृष्ट एनजीओ में सुनिश्चित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि सतीश गोठी मौजूद रहे, जिन्हें आयोजन समिति द्वारा मेडल, शील्ड व प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पद्मश्री अवार्ड दीदी जनक पालता एमसीजीलियन के हाथों से दिया गया। इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख धर्मेंद्र सोलंकी एवं सभी सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। संस्था सचिव रवि पाटीदार ने बताया कि मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में खेल एवं शिक्षा का विकास का कार्य करती है। दर्पण फाउंडेशन द्वारा पिछले दो वर्षो से ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न समस्त प्रकार के खेलों के आयोजन कर प्रतिभा की खोज की जा रही है। परिणाम स्वरुप अब तक दर्पण फाउंडेशन द्वारा 5 राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं लगभग 8 से 9 राज्य स्तर के खिलाड़ी तैयार किया जा चुके हैं। शिक्षा के विकास हेतु निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा दी जा रही है एवं साथ ही समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूल एवं पंचायत के माध्यम से प्रतियोगिता

परीक्षा का आयोजन किया जाता है और बच्चों को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है ताकि बच्चे लक्ष्य से भटके नहीं और सही समय पर अपना लक्ष्य बनाकर सफलता हासिल कर सके। संस्था इन कार्यों के लिए विशेष प्रयास कर रही है। संस्था में लगभग 100 से अधिक सदस्य काम कर रहे हैं तथा 12 मुख्य सदस्य की टीम है संस्था में अधिकतर लोग खेल एवं शिक्षा से संबंधित हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल ने प्रेस वार्ता में बताई दो वर्ष की उपलब्धियाँ

भोपाल/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने आज मिंटो हाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों से मीडिया को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की है। मध्य प्रदेश में श्रमिकों के हित में भी अनेक उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा प्रेस वार्ता में बताए गए तथ्य इस प्रकार हैं —

प्रसन्नता का विषय है कि भारत की संसद ने विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 (विकसित भारत- जी राम जी विधेयक, 2025) को पारित किया है। यह विधेयक मनरेगा में व्यापक वैधानिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जो ग्रामीण रोज़गार को विकसित भारत 2047 के दीर्घकालिक विजन के साथ संयोजित करेगा तथा जवाबदेही, बुनियादी ढांचे के परिणामों और आय सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा।गांव के विकास के बिना प्रदेश और राष्ट्र के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। हमारा सौभाग्य है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में ग्राम विकास है। उनकी भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग का उत्तरदायित्व मिला है। हमारी सरकार ने विगत दो वर्षों में जो कार्य किए हैं उनकी जानकारी इस प्रकार है :-

विशेष उल्लेखनीय बिंदु

तीनों स्तर की पंचायतों के कार्यालय भवनों हेतु स्वीकृतियां प्रदान कीं तथा उनकी डिजाइन में परिवर्तन भी किया ताकि भविष्य में उनके ऊपरी मंजिलों का भी निर्माण किया जा सके।

2472 अटल ग्राम सेवा सदनों (ग्राम पंचायत भवनों) के निर्माण हेतु 922.20 करोड़ की राशि स्वीकृत की।

106 अटल सुशासन भवनों (जनपद पंचायत भवनों) के निर्माण हेतु 557.08 करोड़ की राशि स्वीकृत की।

05 अटल जिला सुशासन भवनों (जिला पंचायत भवनों) के निर्माण हेतु 49.98 करोड़ की राशि स्वीकृत की।

जीवनदायिनी माँ नर्मदा के परिक्रमा पथ को सुगम बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। इस हेतु आश्रय स्थलों के निर्माण हेतु 231 स्थल चिन्हित किए गए हैं। इन स्थलों पर प्रथम चरण में पौधारोपण कार्य हेतु फेंसिंग के लिए 4.13 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। 19 स्थलों पर आश्रय स्थलों एवं यात्री प्रतिक्षालय के निर्माण हेतु 10.5 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इन आश्रय स्थलों का निर्माण पर्यटन विकास विभाग के माध्यम से प्रारंभ भी हो चुका है।

नदियों एवं जलवायु का संरक्षण हम सभी की सामूहिक चिंता का विषय है। मैंने प्रदेश की 106 नदियों के उद्गम स्थलों तक की यात्रा की है। हमारी सरकार इन उद्गम स्थलों को संरक्षित एवं संवर्धित करने का प्रयास कर रही है। हमने 89 नदियों के उद्गम स्थलों पर पौधरोपण कार्य हेतु फेंसिंग के लिए 2.92 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की है। प्रदेश के पुराऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण भी हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। हमने तामिया एवं भीमबेटिका क्षेत्र के विकास हेतु मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम को 2 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की है।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में श्मशान घाटों को सुव्यवस्थित करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है। इसके लिए दिसंबर, 2026 तक की समय सीमा भी तय की है। इस अवधि में सभी श्मशान घाटों को अतिक्रमण मुक्त करवाकर फेंसिंग उपरांत उनमें पौधरोपण करना तथा उन्हें मुख्य सड़क से एप्रोच रोड बनाकर जोड़ने का कार्य इस अवधि में किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में प्रदेश ने उल्लेखनीय कार्य किया है इसके प्रथम चरण में 72975 किलोमीटर लंबाई की 18948 सड़कों का निर्माण किया गया द्वितीय चरण में 4891 किलोमीटर की 373 सड़कों का निर्माण हुआ तथा तीसरे चरण में 11886 किलोमीटर की 984 सड़कों का निर्माण किया गया। विगत दो वर्षों में इन तीनों चरणों में 913 किलोमीटर लंबाई की सड़क तथा 305 फूलों का निर्माण किया गया है। आरसीपीएलडब्ल्यूईए अंतर्गत 18 अप्रैल 107 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण हुआ है।

प्रयागराज कुंभ की बेहतर बिजली व्यवस्थाओं का सिंहस्थ में होगा अनुसरण

मेला क्षेत्र के बिजली पोल की गुमे हुए व्यक्तियों को मिलाने में रहेगी भूमिका

भोपाल/नवप्रदेश। प्रयागराज मेला क्षेत्र में सेवाएं देने वाला मद्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लखनऊ का तीन सदस्यीय दल मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर क्षेत्र के भ्रमण पर आया । दल ने इंदौर, उज्जैन, ओंकारेश्वर का विस्तार से भ्रमण किया। दल में प्रयागराज महाकुंभ में बिजली सेवाएं देने वाले वरिष्ठ अधिकारी सर्वश्री मनोज गुप्ता, प्रवीण कुमार सिंह, अनूप कुमार सिन्हा शामिल रहे। इन्होंने प्रयागराज महाकुंभ मेले की व्यवस्थाओं संबंधी नॉलेज शेयरिंग की। पश्चिम क्षेत्र विदयुत वितरण कंपनी के अधिकारियों को कार्यशाला के माध्यम से कुंभ में बिजली प्रबंधन सिखाया। दल ने

शुक्रवार अपराह्न पोलोग्राउंड स्थित बिजली कंपनी मुख्यालय में दिए प्रस्तुतिकरण में बताया कि मेला क्षेत्र जो मुख्य रूप से मैदान या नदी के तट पर होता है, वहां लगे बिजली पोल बिछुड़े या खोए लोगों व्यक्तियों को मिलाने के लिए कार्य करते हैं, इसकी लोकेशन, नंबरिंग, क्यूआर कोड से सही लोकेशन का एकदम पता लगाया जा सकता है। प्रयागराज कुंभ में बीस हजार पोल पर स्पारल लाइटिंग लगाई गई थी, जिससे चारो ओर रोसन हुई, सूचना पट भी सभी दिशाओं से स्पष्ट दिखे। हर सेक्टर में एक एक इंजीनियर को प्रभारी बनाया गया था। साथ ही गंगा नदी के पीपा पुल के पास, 25 किमी दूर तक की पार्किंग क्षेत्र की लाइटिंग, 20 किमी क्षेत्र में नदी के पास की लाइटिंग व अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्था जुटाने के तौर तरीके बताए गए। प्रयागराज से आए दल ने सिंहस्थ 28 के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने पश्चिम क्षेत्र कंपनी मुख्यालय के कार्मिकों के सवालों का जवाब भी दिया जिससे प्रयागराज जैसी सुविधाओं को सिंहस्थ में भी अपनाया जा सके। प्रयागराज के दल का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान, कार्यपालक निदेशक श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, श्री एससी वर्मा, श्री अचल जैन, श्री संजय मालवीय, श्री पवन जैन, श्री सीए ठकार आदि मौजूद रहे।

मराठी अजर-अमर गीतों की संगीत संध्या सूर नवा ध्यास नवा' आज

स्वर मराठी के कलाकार मराठी गीतों की प्रस्तुति देंगे

उज्जैन/नवप्रदेश। स्वर मराठी द्वारा मराठी अजर-अमर गीतों की संगीत संध्या ÷सूर नवा ध्यास नवा' का आयोजन आज 20 दिसंबर शनिवार शाम 7 बजे से अभिरंग नाट्यगृह कालिदास अकादमी में होगा। इस संगीत संध्या में स्वर मराठी के कलाकार मराठी गीतों की प्रस्तुति देंगे।

स्वर मराठी के अध्यक्ष एवं निर्देशक सूर्यकांत बुरहानपुरकर ने बताया कि उज्जैन के संगीत जगत में महाराष्टीयन कलाकारों द्वारा मराठी संगीत का पहले एक विशाल कार्यक्रम मराठी गीतों की एक शाम प्रस्तुत की जा रही है। इसमें उज्जैन के प्रतिष्ठित महाराष्टीयन कलाकार एकनाथ पांडे, भारती कुलकर्णी, रविंद्र आयाचित, डॉ. कीर्ति देशपांडे, भालचंद्र कुलकर्णी, तृप्ति वैद्य, नीलोहित पलसिकर, परिणीति करपे, राजेश जोशी, वैशाली संत कुलकर्णी, प्रशांत भांड, प्रेरणा भावे, विनोद कलमकर एवं संजय गन्धे अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का संचालन वर्षा कमलाकर करेंगे एवं सूत्रधार राजश्री जोशी रहेंगी। कार्यक्रम में मराठी भावगीत लावणी अभंग व अन्य की प्रस्तुति की जावेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत चरेगांवकर, विशेष अतिथि प्रकाश सुजालपुरकर इंदौर, दीपक करपे देवास एवं उदय टाकलकर देवास रहेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में कृषि के क्षेत्र में प्रदेश लगातार कर रहा प्रगति – कृषि मंत्री कंषाना

मध्यप्रदेश देश के अग्रणी कृषि राज्यों में शामिल

भोपाल/नवप्रदेश। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल कंषाना सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृषि के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। हमारी सरकार विकास और सेवा के दो वर्ष पूर्ण कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का समृद्ध मध्यप्रदेश का सपना पूर्ण कर रही है। यह बात मंत्री श्री कंषाना ने जनसंपर्क संचालनालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आज देश के अग्रणी कृषि राज्यों में शामिल है। सोयाबीन एवं मक्का के उत्पादन में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है तथा गेहूं, उड़द, मसूर, चना, सरसों, कुल तिलहन, कुल दलहन, कुल अनाज और मोटा अनाज में मध्य प्रदेश का देश में द्वितीय स्थान है। यह हमारे किसानों की मेहनत और सरकार की किसान-हितैषी नीतियों का प्रतिफल है। प्रदेश के अन्नदाताओं की कड़ी मेहनत से ही यह उपलब्धियां हासिल करने में हम सफल हुये है। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि वर्ष 2002-2003 में सिंचाई का क्षेत्रफल लगभग साढ़े सात लाख हेक्टेयर था जो कि 2024-25 में 55 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई की जा रही है। आगामी 3 वर्षों में सिंचाई का रकबा बढ़ाकर65 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य है। जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जनजातीय अंचलों में श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है, जिससे कोदो-कुटकी जैसी पारंपरिक फसलों का उत्पादन, विपणन की व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। किसानों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये की सहायता राशि सीधे किसानों तक पहुँची है। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को राहत राशि का त्वरित वितरण किया गया है। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश के 8 जिले अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, सीधी, अलीराजपुर, निमाड़ी, टीकमगढ़ एवं डिण्डोरी को शामिल किया गया है। इन आकांक्षी जिलों में कृषि उत्पादन, ग्रामीण समृद्धि और योजनाओं के समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में सोयाबीन, चना, मसूर, धान एवं गेहूं की खरीदी के माध्यम से किसानों को हजारों करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती, तिलहन-दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम, कृषि अद्योसंरचना निधि और कृषि निर्यात जैसे क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। हमारा संकल्प है कि किसान की आय बढ़े, खेती टिकाऊ बने और मध्य प्रदेश कृषि में देश का नेतृत्व करें।

ई–विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान

योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी जमीन के अनुसार उर्वरक प्राप्ति में होने वाली समस्याओं जैसे- लंबी कतारें, अनियमित वितरण को समाप्त करना है।

प्रदेश में उर्वरक वितरण हेतु ई-विकास पोर्टल के माध्यम से विदिशा, शाजापुर, जबलपुर, नर्मदापुरम, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर एवं गुना को सम्मिलित किया गया है।

किसान को उसकी जमीन एवं फसल अनुशंसित मात्रानुसार उर्वरक की उपलब्धता कराई जा रही है

‘रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना’’

रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रदेश में प्रथम बार 16 जिलों - जबलपुर, कटनी, मण्डला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनुपपुर, उमरिया, रीवा, मऊगंज, सतना, मैहर, बालाघाट, सिवनी, सीधी एवं सिंगरौली में उपार्जन किया जा रहा है।

कोदो कुटकी उपार्जन के लिये कुल बाईस हजार चार सौ उनचास कृषकों का पंजीयन किया गया, जिसका रकबा इक्कीस हजार एक सौ बहत्तर हैक्टेयर है।

खरीफ 2025 में लगभग पन्द्रह हजार मेट्रिक टन कोदों एवं कुटकी का उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित किया।

राज्य सरकार द्वारा राशि रुपए एक हजार प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदाय की जाएगी।

खाद वितरण

भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष खाद के ऊपर दो लाख करोड़ की सब्सिडी प्रदाय की जाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार द्वारा गत दो वर्षों में अभी तक बहत्तर लाख मेट्रिक टन यूरिया एवं बयालीस लाख मेट्रिक टन डीएपी + एनपीके वितरण किया गया है।

विगत वर्ष इसी अवधि में विक्रय मात्रा से यूरिया तीन लाख दस हजार मेट्रिक टन अधिक विक्रय किया जा चुका है एवं वर्तमान में ढाई लाख मेट्रिक टन यूरिया स्टॉक में है।

विगत वर्ष इसी अवधि में विक्रय मात्रा से डीएपी + एनपीके लगभग सत्तर हजार मेट्रिक टन अधिक किसानों को विक्रय किया जा चुका है एवं वर्तमान में लगभग चार लाख मेट्रिक टन स्टॉक में है।

कृषि परिदृश्य

देश में मध्य प्रदेश मक्का एवं सोयाबीन के उत्पादन में प्रथम स्थान तथा गेहूँ, उड़द, मसूर, चना, सरसों, कुल तिलहन, कुल दलहन, कुल खाद्यान्न, कुल मोटा अनाज में द्वितीय स्थान पर है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गत 2 वर्षों में 48 लाख 51 हजार किसानों से 02 करोड़ 41 लाख 31 हजार मीट्रिक टन अनाज खरीदा गया है। जिसके विरूद्ध 81 हजार सात सौ अड़सठ करोड़ रूपये का भुगतान किसानों के खाते में किया गया है।

सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना

प्रदेश सरकार द्वारा किसान भाईयों की मेहनत को प्रतिफल प्रदाय करने के लिये सोयाबीन की फसल के लिये भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। जिसके अंतर्गत 09 लाख 36 हजार कृषकों का पंजीयन हुआ है। अभी तक लगभग छ⁓ लाख कृषकों के द्वारा तेरह लाख नवासी हजार मेट्रिक टन सोयाबीन का विक्रय मंडियों में किया गया है, जिससे दो चरणों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दो लाख सरसठ हजार किसानों के खाते में चार सौ बियासी करोड़ रूपये अंतरित किये गये है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति होने पर किसानों को सहायता के लिये गत 2 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा सत्तर लाख कृषक आवेदनों पर बारह सौ सेंतीस करोड़ चौवन हजार राशि रूपये का दावा भुगतान किया गया है।

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को छ⁓ हजार रूपये दिये जा रहे थे, मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा भी किसानों को छ⁓ हजार रूपये की राशि दी जा रही है, इस प्रकार प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

भोपाल में तालाब में छलांग लगाकर युवक ने सुसाइड किया

वॉट्सएप स्टेटस पर लिखा– मर्जी से जान दे रहा हूं...भदभदा तालाब पर हूं

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के भदभदा ब्रिज से तालाब में छलांग लगाकर युवक ने सुसाइड कर लिया।

छलांग लगाने से पहले उसने अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर लिखा- मैं अपनी मर्जी से जान दे रहा हूं। किसी का कोई दबाव नहीं है। भदभदा पुल पर हूं। घटना गुरुवार की रात की है। शुक्रवार की सुबह शव तलाशने के बाद पीएम के लिए भेजा गया। दोपहर को बॉडी का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस मृतक की सीडीआर की जांच करेगी। पुलिस के मुताबिक 30 वर्षीय हेमंत राय नेहरू नगर में रहता था। शादी पार्टियों में वीडियोग्राफी करने का काम करता था। इसी के साथ रातीबड़ इलाके में नमकीन की दुकान का संचालन करता था। परिजन हेमंत की शादी के लिए लड़की तलाश कर रहे थे। परिवार में उसने कभी किसी परेशानी का जिक्र भी नहीं किया और आखिरी पोस्ट में भी सुसाइड का कारण नहीं लिखा है। लिहाजा आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि परिजन के डिटेल बयानों और सीडीआर जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

भोपाल में मैरिज सर्टिफिकेट अब ऑनलाइन मिलेंगे

रजिस्ट्रेशन के लिए घर बैठे ही आवेदन कर सकेंगे; निगम की नई पहल

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में मैरिज सर्टिफिकेट अब ऑनलाइन ही मिलेंगे। लोग घर बैठे ही रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। निगम ने यह पहल की है। इस संबंध में निगम कमिश्नर संस्कृति जैन गुरुवार को बैठक भी कर चुकी हैं। कमिश्नर जैन ने अफसरों से कहा है कि लोगों को विवाह पंजीयन की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी कार्रवाई जल्दी पूरी करें।

इस तरह होगी पूरी प्रक्रिया

कमिश्नर जैन ने बताया मैरिज सर्टिफिकेट ऑनलाइन ही जारी किए जाएंगे। इसके लिए निगम की वेबसाइट पर जरूरी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। फिर वार्ड में पदस्थ निगम कर्मचारी अपलोडेड दस्तावेजों के आधार पर स्थल पर जाकर पंचनामा आदि बनाएंगे और दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। इसके बाद डिजिटल मैरिज सर्टिफिकेट संबंधित व्यक्ति डाउनलोड कर सकेंगे। इस प्रक्रिया से नागरिकों को मैरिज सर्टिफिकेट के लिए निगम कार्यालय नहीं आना पड़ेगा। घर बैठे ही मैरिज सर्टिफिकेट मिल जाएगा।

यह दस्तावेज लगेंगे

दूल्हा-दुल्हन, माता-पिता और गवाहों के आधार कार्ड। शादी का कार्ड और जहां शादी हुई, वहां का प्रमाण पत्र।

मैरिज शाखा के अधिकारी केवल दूल्हा-दुल्हन को ऑफिस बुलाएंगे।

जोनल अधिकारी और एएचओ आवेदक के घर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे और प्रमाणपत्र देंगे।

मध्यप्रदेश की 8 एमएसएमई इकाइयों ने मुंबई में की सहभागिता बढ़ाया मध्यप्रदेश का मान–सम्मान

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों ने अन्नपूर्णा अनूफूड इंडिया-2025 में सहभागिता कर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय फुड प्रोसेसिंग और एग्री मुंबई में हुआ। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश की कुल 8 एमएसएमई इकाइयों ने भाग लिया, जिनमें 3 इकाइयाँ महिला उद्यमियों द्वारा संचालित हैं। सभी चयनित इकाइयों को उद्योग विभाग, द्वारा विभागीय सहयोग प्रदान किया गया। विभाग द्वारा इकाइयों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए गए तथा संपूर्ण लॉजिस्टिक एवं आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए इकाइयों का चयन उद्योग विभाग द्वारा किया गया जिसमें उनके उत्पादों की गुणवत्ता, नवाचार क्षमता एवं बाजार संभावनाओं को आधार बनाया गया। प्रदर्शनी के दौरान उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रभावी प्रदर्शन किया एवं देश-विदेश से आए क्रेताओं एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों से सार्थक व्यावसायिक संवाद स्थापित किया। यह सहभागिता स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने, निर्यात संभावनाओं के विस्तार तथा महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उद्योग विभाग की यह पहल प्रदेश में उद्यमिता, रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रही है। महिला सशक्तिकरण एवं मातृ शक्ति को उद्यमिता की ऊंचाईयों तक पहुंचाने का विभाग का यह अभिनव प्रयास है। विभागीय महिला अधिकारियों ने इस पहल को अमली जामा पहनाया।

शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक (उत्तरी एवं मध्य राज्य) भोपाल में 20 दिसम्बर को

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल भी रहेंगे मौजूद

भोपाल/नवप्रदेश। केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक (उत्तरी एवं मध्य राज्यों) 20 दिसंबर शनिवार प्रात⁓ 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र, भोपाल में आयोजित हो रही है। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रमुख शहरी विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच सहयोग और समन्वय को सुदृढ़ करना है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि यह बैठक राज्यों को योजना-वार प्रगति प्रस्तुत करने, क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं को साझा करने, श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान तथा मंत्रालय से नीतिगत एवं रणनीतिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। क्षेत्रीय बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री एवं राज्यमंत्री, भारत सरकार एवं राज्यो के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के लिए कार्य-दिशा पुस्तिका का विमोचन होगा। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि यह कार्य-दिशा पुस्तिका स्वच्छता, स्थायित्व तथा नागरिक-केंद्रित शहरी प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

बैठक में पाँच सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों पर होगी चर्चा

बैठक के दौरान पाँच सत्रों में शहरी विकास से जुड़े प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इन सत्रों के माध्यम से केंद्र एवं राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक चुनौतियों का समाधान निकाला जा सकेगा। अमृत योजना के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित कार्यो की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्ध पूर्णता से संबंधित विषयों पर विचार किया जाएगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये आवश्यक सुधारात्मक कदमों पर भी मंथन होगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डंप स्थलों के वैज्ञानिक प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट निपटान तथा स्वच्छता से जुड़ी चुनौतियों पर मंथन होगा।

पश्चिमी सभ्यता के खिलाफ मुस्लिम त्योहार कमेटी ने किया प्रदर्शन

कहा– अश्लील आयोजनों से युवाओं की सोच प्रभावित, देशभर में चलेगा अभियान

भोपाल/नवप्रदेश। भारतीय संस्कृति और पारंपरिक मूल्यों की रक्षा के उद्देश्य से ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने राजधानी भोपाल से ÷पश्चिमी सभ्यता के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान÷ की शुरुआत की। अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने पश्चिमी प्रभावों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह मुहिम केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे देश में निरंतर जारी रहेगी। शमशुल हसन बल्ली ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी उन सभी गतिविधियों का विरोध करती आई है जो देश, संस्कृति और समाज के नैतिक मूल्यों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि आज पश्चिमी सभ्यता के नाम पर युवाओं के सामने जिस तरह की नग्नता और अश्लीलता परोसी जा रही है, उसका सीधा असर हमारी नई पीढ़ी, बहनों और बेटियों पर पड़ रहा है। इसे रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भोपाल से शुरू किया गया यह अभियान अब देशभर में कमेटी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के माध्यम से चलाया जाएगा। जहां-जहां इस तरह के आयोजनों में अश्लीलता या सामाजिक मर्यादाओं का उल्लंघन होगा, वहां कमेटी निगरानी रखेगी और विरोध दर्ज कराएगी। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि इस मुहिम का उद्देश्य किसी विशेष समुदाय या त्योहार का विरोध करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि सभी उत्सव भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप मनाए जाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता में उत्सव आनंद और संस्कार का प्रतीक रहे हैं, न कि नग्नता और भड़काऊ प्रस्तुतियों का।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बैतूल में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए विधायकगण ने माना आभार

मुख्यमंत्री से विधायक तथा अध्यक्ष खण्डेलवाल के नेतृत्व में बैतूल के विधायकों ने की भेंट

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बैतूल विधायक तथा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में बैतूल जिले के विधायकों ने भेंट कर बैतूल को मेडिकल कॉलेज तथा अन्य सौगातें देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। मुख्यमंत्री निवास पर हुई भेंट में विधायक सर्वश्री महेंद्र सिंह चौहान, डॉ. योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख तथा श्रीमती गंगाबाई उईके मौजूद रहीं।

विधायकों ने कहा कि जनजातीय और ग्रामीण बहुल बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा जिले में ही मिल सकेगी। इससे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार हो सकेगा। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को मेडिकल की प?ाई में भी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे. पी. नड्डा बैतूल जिले के कोसमी क्षेत्र में पीपीपी मोड पर आरंभ हो रहे मेडिकल कॉलेज का 23 दिसम्बर को भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधायकों ने सारणी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में लगभग 12 हजार करोड़ रुपए की लागत की 660 मेगावाट यूनिट इकाई की स्थापना की वर्षों पुरानी मांग स्वीकृत करने, भीमपुर में 100 बिस्तरीय अस्पताल और चिचोली में 50 बिस्तरीय अस्पताल की स्वीकृति देने के लिए भी आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा बाई उईके ने चोपना क्षेत्र के परिवारों के पट्टों के प्रकरणों के निराकरण के

भोपाल में युवक ने खुद का गला रेता, मौत

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के नेहरू नगर में रहने वाले युवक ने गुरुवार रात को खुद का गला रेत लिया। शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में उसकी मौत हो गई। सुसाइड के प्रयास के पहले उसने मां से आखिरी बातचीत में कहा था कि मेरी नासा वाली गर्लफ्रेंड बुला रही है। मैं उसके साथ अंतरिक्ष में जाना चाहता हूं। परिजनों का कहना है कि युवक का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। अलग-अलग मनो चिकित्सक उसका इलाज कर चुके हैं। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 45 वर्षीय आयुष मेहता नेहरू नगर में रहता था और एमबीए करने के बाद घर में रहता था। उसके पिता इंजीनियर थे और प्राइवेट ठेकेदारी करते थे। उनकी मौत हो चुकी है। आयुष का मानसिक संतुलन साल 2002 से बिगड़ा हुआ था। आए दिन बहकी हुई बातें करता था। शादी कराने के लिए मां के साथ विवाद करता था। पूर्व में भी वह गला रेतकर सुसाइड का प्रयास कर चुका है।

बेडरूम में सब्जी काटने की छुरी से रेता गला

उस समय परिजनों ने समय रहते उसे अस्पताल पहुंचा दिया था। जिससे उसकी जान बच गई थी, लेकिन गुरुवार रात करीब दस बजे आयुष ने अपने कमरे में सब्जी काटने वाली छुरी से स्वयं का गला रेत लिया। मां ने परिजनों और पुलिस को मदद के लिए बुलाया। तत्काल बेटे को परिजनों के साथ अस्पताल लेकर पहुंची, जहां इलाज के दौरान बेटे की मौत हो गई। मृतक के केयर टेकर मनीष चौहान ने बताया कि लंबे समय से युवक का मानसिक संतुलन खराब था। आए दिन मां को पीटता था। बहकी हुई बातें करता था, अमेरिका ले जाने और नासा ले जाने की बातें करता था। कई बार डॉक्टरों से भी बदसलूकी कर चुका था। अक्टूबर में भी उसने गला रेतकर सुसाइड करने का प्रयास किया था। लेकिन तब उसकी जान बच गई थी।

सुविचार

अकड़...। इस शब्द में कोई मात्रा नहीं होती लेकिन अलग-अलग मात्रा में यह हर किसी में मौजूद होती है। - अज्ञात

हिजाब हटाने के मामले को लेकर बवाल

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के हिजाब को हटाने के मामले को लेकर बवाल बढ़ता ही जा रहा है। असदुद्दीन ओवैसी के पार्टी के एक नेता इम्तियाज ने बयान दिया है कि यदि यह घटना उनके सामने होती तो वे नीतीश कुमार का एक हाथ तोड़कर दूसरे हाथ में रख देते। वहीं मुस्लिम धर्म गुरूओं ने भी इस घटना पर अपनी आपत्ति जताना जारी रखा है। बंगाल में तो इस हिजाब प्रकरण के खिलाफ बाकायदा आंदोलन छेड़ दिया गया है। गौरतलब है कि जिस डॉ. नुसरत परवीन का हिजाब हटाया गया था उसने सरकारी नौकरी करने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि में अपमानित महसूस कर रही हूं क्योंकि इस घटना से मुझे गहरा आघात लगा है इसलिए अब वे सरकारी नौकरी नहीं करेंगी। उनके इस बयान के बाद नीतीश कुमार पर विपक्षी नेताओं के हमले तेज हो गये हैं और उनसे माफी मांगने की और अपने पद से इस्तीफा देने तक की मांग कर रहे हैं। इसके जवाब में जदयू के नेता सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर रहे हैं। जिसमें राजस्थान के तात्कालन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐसे ही एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान एक हिन्दू महिला का घुंघट हटा देते हैं और वहां उपस्थित अन्य लोग हंसने लगते हैं। कुल मिलाकर इन मुद्दे पर जमकर राजनीति हो रही है। इस बीच उत्तरप्रदेश के मंत्री संजय निषाद ने इस घटना को लेकर और भी विवादास्पद बयान देकर आग में घी डालने का काम कर दिया है। संजय निषाद ने कहा है कि नीतीश कुमार ने सिर्फ हिजाब ही हटाया था जिससे इतना बवाल हो रहा है यदि वे कहीं और हाथ लगा देते तो क्या होता? संजय निषाद का यह वाहियात बयान संपूर्ण महिलाओं का घोर अपमान है। समझ में नहीं आता कि ऐसे लोग कैसे नेता और मंत्री बन जाते हैं जो इस तरह के आपत्तिजनक बयान देने का और नारी शक्ति के अपमान करने का हौसला जुटा लेते हैं। इस मामले में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है। जब उनसे पत्रकारों ने इस बात पर प्रतिक्रिया चाही कि नुसरत परवीन ने हिजाब हटाए जाने की घटना से आहत होकर सरकारी नौकरी करने से इंकार कर दिया है तो गिरिराज सिंह ने कहा कि मत करें नौकरी जहन्नुम में चली जाये। उनका यह बयान भी घोर निंदनीय है। नेताओं को संवेदनशील मामलों में इस तरह के बयान देने से परहेज करना चाहिए उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता सब कुछ देख और समझ रही है और वक्त आने पर ऐसे बड़बोले नेताओं और उनकी पार्टी को सबक सिखाने से नहीं चूकेगी।

फिर सेना के शौर्य पर सवालिया निशान

भारतीय सेना के शौर्य पर एक बार फिर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चाव्हाण ने सवालिया निशान लगा दिया है। पहलगाम में हुए आतंकी घटना के बाद जब भारतीय सेना ने पड़ौसी देश पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाकर उसके आतंकी अड्डों के साथ ही दस प्रमुख ऐयरबेसों को तबाह कर दिया था और इससे पाकिस्तान की कमर टूट गई थी। आपरेशन सिंदूर की सफलता को विपक्ष के कई नेता पचा नहीं पा रहे हैं और इस पर उन्होंने पहले भी प्रश्नचिन्ह लगाया था जबकि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के बारे में सब कुछ प्रमाण सहित बता दिया था। अब पृथ्वीराज चाव्हाण ने इस बारे में पाकिस्तान की भाषा बोलते हुए कहा है कि आपरेशन सिंदूर के पहले दिन भारत की हार हुई थी उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि भारतीय सेना को और किसी काम पर लगाना चाहिए। निश्चित रूप से पृथ्वीराज चाव्हाण का यह बयान भारतीय सेना का अपमान है और इसके लिए उन्हें सेना से और देश से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह उनका व्यक्तिगत बयान है। किन्तु कांग्रेस पार्टी इस तरह पृथ्वीराज चाव्हाण के बयान से किनारा नहीं कर सकती। वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी को उनके खिलाफ अनुशानात्मक कार्यवाही करनी चाहिए ताकि इससे अन्य नेताओं को सबक मिल और वे भारतीय सेना के शौर्य पर सवालिया निशान लगाने का दुस्साहस न करें। जब तक ऐसे बयानवीर नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाएगी वे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए इस तरह के विवादित बयान देने से बाज नहीं आएंगे।

डॉ. ओपी त्रिपाठी

वैसे परिणाम चुनाव के बाद ही स्पष्ट होंगे। नबीन के सामने 2028-29 की राजनीतिक चुनौतियां भी गंभीर होंगी, क्योंकि 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद संभवतः मोदी प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहेंगे, लिहाजा एक वैकल्पिक चेहरे की आवश्यकता होगी। उसकी तैयारी भी 2026 से शुरू करनी पड़ेगी। बहरहाल पहली बार कोई बिहारी नेता राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर पहुंचे हैं, लिहाजा बिहार का गदगद होना स्वाभाविक है। नबीन की छवि शालीन और जुझारू नेता की रही है। यह भाजपा में ही संभव है कि कोई अज्ञात, अनजान या कम चर्चित चेहरा भी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर पहुंच सकता है। नए अध्यक्ष का जिस तरह स्वागत हो रहा है, उससे पता चलता है कि पार्टी में उन्हें नियुक्ति को लेकर कोई उत्साह है। अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा के अलावा कई पार्टी नेताओं ने नए अध्यक्ष को बधाई दी है। यहां तक कि दूसरे दलों में राष्ट्रीय जनता दल ने भी उनको बधाई दी है। नबीन संगठनात्मक अनुभव रखने वाले नेता हैं। आने वाले समय में कई राज्यों में चुनाव होने हैं। इन चुनावों में उनकी पहली परीक्षा होगी। नबीन पांच बार के विधायक हैं। वे बिहार सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में उनके पास पर्याप्त अनुभव है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वे पार्टी के सिद्धांतों का पालन करते हुए बीजेपी को और मजबूत बनाएंगे।

नितिन नबीन की नियुक्ति ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाया

भारतीय जनता पार्टी ने पटना की बांकीपुर सीट से विधायक और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन सिन्हा को पार्टी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नितिन नबीन की नियुक्ति से राजनीतिक पंडितों और पार्टी के अधिकांश नेताओं को एक बार फिर चौंकाया है।

नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में जेपी नड्डा के बाद दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। भारतीय जनता पार्टी के संविधान में कार्यकारी अध्यक्ष का कोई औपचारिक पद नहीं है। लेकिन साल 2019 के बाद से बीजेपी में पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की एक परंपरा शुरू हुई है। बीजेपी में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कब होगा अभी यह स्पष्ट नहीं है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में पार्टी के शीर्ष नेताओं के हवाले से दावा किया जा रहा है कि अगले साल जनवरी में ये प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल भी जनवरी तक ही है। नितिन नबीन के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पहले पार्टी में सिर्फ जेपी नड्डा ही अध्यक्ष बनने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष रहे हैं। 2019 में जब बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री बने तब पार्टी ने पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने से पहले जेपी नड्डा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में राष्ट्रीय अध्यक्ष औपचारिक रूप से सबसे बड़ा पद है।

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की चर्चा, इस नियुक्ति की घोषणा से मात्र दो दिन पहले, संसदीय बोर्ड में की गई थी, लेकिन उस दौरान कोई नाम सामने नहीं था। संसदीय बोर्ड के अधिकांश सदस्यों की राय थी कि पार्टी का भावी अध्यक्ष अपेक्षाकृत युवा हो, सवर्ण जाति का हो और हिंदी पट्टी के राज्य से हो। इन्हीं आधारों पर बिहार के 5वीं बार विधायक एवं मंत्री नितिन नबीन का चयन किया गया। वैसे भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक-दो अपवाद को छोड़ कर, सवर्ण जाति के ही रहे हैं। बेशक राज्यों में पिछड़े और दलित समुदाय के नेताओं को भी नेतृत्व सौंपा जाता रहा है। भारतीय जनता पार्टी के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति चुनाव से होती है जो आमतौर पर गुप्त बैलेट के ज़रिए होता है। हालांकि आमतौर पर पार्टी अध्यक्ष आम सहमति से निर्विरोध ही चुने जाते रहे हैं। पार्टी

के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए राज्य कार्यकारिणी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य मतदान करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए कम से कम आधे राज्यों में पार्टी की ज़िला, मंडल और राज्य स्तरीय पदों के लिए नियुक्तियां पूरी हो जानी चाहिए। बीजेपी ने देश के 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 30 में संगठन के पदों के लिए चुनाव पूरे कर लिए हैं। पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है और अधिकतम एक व्यक्ति लगातार दो कार्यकाल पूरे कर सकता है। बीजेपी में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया में लंबा समय लगता है। आम सहमति से लेकर आंतरिक चुनाव इसका मुख्य कारण होते हैं।

जेपी नड्डा जून 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बने थे और फिर जनवरी 2020 में उन्हें सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया था। नितिन नबीन सवर्ण उपजाति-कायस्थ समुदाय- के नेता हैं और 45 साल उम्र है, लिहाजा वह भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कुछ समय बाद वह जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। बेशक नितिन नबीन भाजयुमो में अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर काम कर चुके हैं, कुछ राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी भी रहे हैं, लिहाजा संगठन की आत्मा और अपेक्षाओं को वह बखूबी जानते हैं।

जब नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 52 साल थी। अमित शाह 49 साल के थे। राजनाथ सिंह भी 52-53 साल के रहे होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की आयु भी 55-58 साल की रही होगी, जब वे पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे, लिहाजा उम्र शीर्ष नेतृत्व का कोई मानदंड नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का यह 'नबीन' प्रयोग चुनौतीपूर्ण जरूर है।

उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर मोहन चरण माझी, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, बिप्लव देब, भूपेंद्र पटेल, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी आदि को विराजमान कर भाजपा की नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपा था। इन्हीं नेताओं की तरह नबीन भी भाजपा की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं।

अलबत्ता उनकी पहचान कभी 'राष्ट्रीय' नहीं रही। बहरहाल अब नितिन नबीन भी उसी श्रृंखला की नई कड़ी बन गए हैं, जिसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह से लेकर जेपी नड्डा तक ने स्थापित किया और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सम्मान दिलाया। उस वर्चस्व, ओहदे और गरिमा को बरकरार रखना भी नितिन नबीन की चुनौती है।

उनके सामने राजनीतिक और चुनावी चुनौती यह है कि 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027 में उत्तर प्रदेश के महाचुनाव सामने होंगे। केरल में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत हुई है और उसने वाममोर्चे के 45 साल पुराने किले को ढहा दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा-एनडीए को कमोबेश एक मौका जरूर देगी, लेकिन तमिलनाडु में आज भी भाजपा 'शून्य' है।

बेशक अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन से उसे कुछ सीट हासिल हो जाएं, लेकिन तमिल के हिंदुओं ने अभी भाजपा को स्वीकार नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार वहां के राम मंदिरों में जाकर और पूजा कर प्रयास कर रहे हैं कि जनता की स्वीकृति मिल सके।

राजेश माहेश्वरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी वोट चोरी के आरोपों के द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी को घेरने का काम करते रहे हैं, लेकिन इस मामले का एक पक्ष यह भी है कि इंडिया गठबंधन के कई दूसरे दल भी कांग्रेस के इन आरोपों से सहमत नहीं हैं। स्वयं कांग्रेस के कई नेताओं ने भी वोट चोरी और ईवीएम पर विवाद खड़ा करने की बजाय अपना प्रदर्शन सुधारने की बात कही थी। कुछ ही दिन पूर्व जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि वे वोट चोरी के आरोपों से सहमत नहीं हैं। बिहार चुनाव में कांग्रेस ने वोट चोरी को मुद्दा बनाया था। राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव के साथ मिलकर वोटर अधिकार यात्रा भी निकाली थी। लेकिन उस समय से ही वे बातें लोगों के सामने आ रही थी कि राजद वोट चोरी के आरोपों से सहमत नहीं है। अमित शाह ने कहा कि बिहार में एसआईआर को मुद्दा बनाने के बाद भी विपक्ष को करारी हार का सामना करना पड़ा।

चुनाव सुधार के गंभीर प्रयास होने चाहिए

चुनाव सुधार से तात्पर्य किसी देश में चुनावी प्रक्रिया की दक्षता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से किये गए व्यवस्थित परिवर्तनों से है। भारत जैसे लोकतंत्र में, चुनाव राजनीतिक वैधता और नागरिक भागीदारी की आधारशिला होते हैं। इसलिये, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना लोकतांत्रिक शासन को बनाए रखने के लिये मूलभूत आवश्यकता है। हालाँकि, समय के साथ, चुनावी प्रक्रिया को धन और बल का दुरुपयोग, राजनीति का अपराधीकरण, राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र की कमी और मतदान में कम भागीदारी जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इन मुद्दों पर काबू पाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता को बनाए रखने के लिये चुनावी सुधार अनिवार्य हो गए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य कानूनी ढाँचे को मज़बूत करना, संस्थागत तंत्र में सुधार करना और चुनावी प्रणाली में जनता का विश्वास बहाल करना है। संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने तथा संसद और राज्य विधानसभाओं के लिये चुनाव कराने का अधिकार प्रदान करता है।

ताजा संदर्भ यह है कि लोकसभा में चुनाव सुधार के मुद्दे पर बहस हुई, लेकिन कोई सुधार या संवैधानिक संशोधन सामने नहीं आया। सरकार की ओर से भी कोई प्रस्ताव नहीं रखा गया कि अमुक सुधार किए जा सकते हैं। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक बहस थी। चुनाव सुधार की आड़ में 'वोट चोरी' का आरोप संसद के भीतर गूंजता रहा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत, सांठगांठ से चुनाव जीते जाने का बेहद गंभीर आरोप चस्पां किया। उन्होंने मौजूदा चुनाव आयुक्तों को लगभग धमकी दी कि जब हम सत्ता में आएंगे, तो आपको ढूंढ कर दंडित किया जाएगा, क्योंकि 'वोट चोरी' के जरिए आपने 'लोकतंत्र-चोरी' का काम कराया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार 'वोट चोरी' और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को घेरते रहे हैं। भाजपा की केंद्र और विभिन्न राज्यों के चुनावों में जीत को भी वे 'वोट चोरी'

से जोड़ते रहे। बुधवार को संसद में चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के सभी सवालों का जवाब देने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि देश के आजाद होने से कुछ वर्ष पहले तक मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति केवल तत्कालीन प्रधानमंत्री ही किया करते थे। 45 दिनों के अंदर सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने का काम भी पहले से निर्धारित नियमों के आधार पर किया जाता है। लेकिन क्या कांग्रेस शाह के जवाबों से संतुष्ट होगी? अब कांग्रेस की रणनीति क्या रह सकती है?

अमित शाह के संबोधन के दौरान कांग्रेस ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। लेकिन अमित शाह ने बताया कि पूरी चुनावी प्रक्रिया नियमों के आधार पर चल रही है। देश के आजाद होने के समय ही चुनाव कराने के कुछ नियम-कानून बनाए गए थे। चुनाव उसी प्रक्रिया से कराए जा रहे हैं। लेकिन अब उन्हीं नियमों पर चुनाव होने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। शाह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में पहले विपक्ष की कोई भूमिका नहीं होती थी, लेकिन अब नेता विपक्ष को उसमें शामिल किया जाता है जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

कांग्रेस सरकारों के द्वारा पूर्व में मुख्य चुनाव आयुक्तों को अपनी सरकार में मंत्री बनवाने और उन्हें चुनाव लड़ाने का मुद्दा उठाकर शाह ने यह बताने की कोशिश की कि मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और उन्हें बाद में लाभ देने के मामले में कांग्रेस बेदाग नहीं है। शाह ने कहा कि एसआईआर के द्वारा केवल उन घुसपैठियों को बाहर किया जा रहा है जो देश के बाहर से आए हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने इस कानूनी संशोधन पर भी सवाल उठाया है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तय करने वाले पैनल में से देश के प्रधान न्यायाधीश को क्यों हटाया गया? चुनाव आयुक्तों के किसी भी फैसले अथवा काम के मद्देनजर उन्हें इम्युनिटी, कानूनी छूट, क्यों दी गई है? उनके खिलाफ कोई भी कानूनी केस दायर क्यों नहीं किया जा सकता? सीसीटीवी की फुटेज चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के 45 दिन बाद नष्ट क्यों की जाए? यह कानून गलत और भ्रामक है। नेता प्रतिपक्ष कांग्रेसी सत्ता के इतिहास को नहीं जानते, जब सरकार, यानी प्रधानमंत्री ही, मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन और नियुक्ति करते थे। बाद में उन्हें मंत्री भी बना दिया जाता था अथवा किसी उच्च ओहदे पर बिठा दिया जाता था। तब सत्ता न तो संसद और न ही देश के प्रति जवाबदेह होती थी। तब नेता प्रतिपक्ष को इतना भी अधिकार नहीं था कि वह अपनी 'असहमति' जता सकता।

कमोबेश आज प्रधानमंत्री, एक कैबिनेट मंत्री और नेता प्रतिपक्ष के चयन-पैनल में विपक्ष का प्रतिनिधि अपनी असहमति का नोट तो दर्ज करा सकता है। राहुल गांधी वोट चोरी का जो आरोप लगा रहे हैं। उनका आरोप है कर्नाटक में फॉर्म 7 के जरिये बड़े पैमाने पर नाम काटे गए और इसके लिए जिनकी आईडी का इस्तेमाल हुआ, उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं थी। अब यह बात समझ से परे है कि चुनाव आयोग ने जांच को रोकने की कोशिश की और सहयोग नहीं किया।



सद्‌गुरु बोधामृतम्

◆ अवतरण उसी को कहते हैं कि जब अनंत जीवों को कष्ट में पड़ा हुआ देख करके वो परमात्मा घनीभूत होकर नीचे मनुष्य का शरीर लेके आ जाते हैं। हमारी तुम्हारी तरह ही बर्ताव करने लगते हैं। हम तुम्हें गले लगा करके कभी किसी शबरी के झूठे बेर खा करके, पता नहीं क्या-क्या लीलाएं करते हैं और हमें ऊपर उठाता है। हमें वो समझ देता है जिस समझ से हम भी प्रेममय होकर जी सकें, संतोषमय हो कर जी सकें इसलिए आपसे मैं एक ही बात कहूंगा 'कृष्ण से प्रेम करिए, राम से करिए!'

सद्‌गुरु श्री ऋतेश्वर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1971 - जनरल याह्या ख़ाँ द्वारा पाकिस्तान के राष्ट्रपति पद से त्यागपत्र, ज़ुल्फ़िकार अली भुट्टो राष्ट्रपति बने। 1973 - यूरोपीय देश स्पेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री एडमिरल लुईस करेरो ब्लांको की मैड्रिड में एक कार बम हमले में मौत। 1976 - इज़रायल के तत्कालीन प्रधानमंत्री यित्ज़ाक राबिन ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया। 1985 - तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वैंकटेश्वर को 5.2 करोड़ रुपये की कीमत वाला हीरा जड़ित मुकुट चढ़ाया गया। 1988 - संसद ने 62वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंज़ूरी दी। 1991 - पॉल कीटिंग आस्ट्रेलिया के नये प्रधानमंत्री बने। 1990 - भारत और पाकिस्तान एक दूसरे पर परमाणु हमले न करने पर सहमत हुए। 1993 - भारत और यूरोपीय संघ के बीच ब्रसेल्स में सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गये। 1998 - बिल क्लिंटन और कैनेथ स्टार को टाइम मैगजीन ने पर्सन ऑफद इयर घोषित किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुत विरानी सी है

बहुत विरानी सी है जिंदगी में तुम को गए तो एक अरसा हो गया तुम्हारे जाने का गम वो भी अब रहा नहीं गम के जाने से ही विरान हुई जिंदगी वो जो जीने का सहारा रहा अब जरा ना रहा क्या करें कि फिर वो मिले गम इस्क को अब इस्क ही ना होगा हमसे तो गम क्या मिलेगा अब ये सूनापन ना भरेगा अब तू प्रीत में जी ले ऐ मीत गम आएगा भी अगर तो अबकी मर लेना ये विरानी ना आने देना अबकी मुहब्बत ना जाने देना बहुत विरानी सी है.... बस यूं ही

- प्रीति श्रीवास्तव

जिसको आप कद्दावर

जिसको आप कद्दावर नेता कह रहे हैं वह अपने हित के लिए देश के हितों के विरुद्ध काम करने वाले टटपूंजियों की टोली का कारिंदा मात्र है अपने मालिक के विदेश जाने पर देश में ए अलग बहस छेड़ने का जॉब वर्क उसने कर दिया । इस गिरोह का सर्वप्रथम हित गिरोह का मालिक और खुद के हित ही होते हैं इसके अलावा ये कुछ सोच ही नहीं सकते।

- नवीन शंकर शर्मा

सोशल मीडिया में आ रही खबरों के

सोशल मीडिया में आ रही खबरों के अनुसार मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित देश कई राज्यों में आरक्षण और एससी-एसटी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज के लोग आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन अखबारों और न्यूज चैनलों में ऐसी खबरें नहीं आ रही. आखिर सच्चाई क्या है ? क्या सवर्ण सचमुच आंदोलित हैं ? - **अनिल पांडेय**

तू अपनी ख़ुबिया ढूढ़ खामियां निकालने

तू अपनी खुबिया ढूढ़ खामियां निकालने वाले लोग हैं न अगर रखना है कदम तो आगे रख क्योंकि पीछे खींचने को लोग है न सपने देखने है तो ऊंचे देख नीचे गिराने को लोग हैं न प्यार करना हैं तो खुद से कर नफरत करने को लोग हैं न अगर लोगों का काम भी आप ही सोचने लगोगे ??तो लोग क्या करेंगे। - **हेमा पांडेय**

ज़िंदगी कितनी आसान होती है,

ज़िंदगी कितनी आसान होती है, जब दिल में कोई बोझ नहीं होता।

कुछ चीजें ज़िंदगी में ऐसी होती है, जिसे खोने के बाद समझ आता है, वो सबसे बड़ी पूंजी थी। ज़िंदगी में सफलता कोई बड़ी बात नहीं पर सुकून हर सफलता में नहीं। - **अजय साहू**

अनुपम कुण्डलिया लिखें, दोहा रोला

अनुपम कुण्डलिया लिखें, दोहा रोला संग। छंद गेयता कल प्रमुख, बरसे फागुन रंग। बरसे फागुन रंग , हिलेका वृन्दावन में। लोककथा अनुरूप , रास कान्हा निधिवन में। कहे राज चितलाय, मधुर स्वर साधक सरगम। रचना विविध प्रकार ,ध्यान योगी का अनुपम। - **राजकिशोर मिश्र**

ग़ज़ल के काफ़िया संग बैठाया रदीफ़.

ग़ज़ल के काफ़िया संग बैठाया रदीफ़. बना मिसरा.. मुस्कुराया शे र.. बात ठहरी वाह के अंदाज़ में.. ग़ज़ल ने सुनाया दिल का अशआर.. दर्द ने गुनगुनाया मन का हाल कि ग़ज़ल के धुन में निकल पड़ा गज़ब का शे र.. और गूँज उठा हर तरफ़. ग़ज़ल का शोर...!! मेरी रूह - **नंदिता तनुजा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज परिस्थितियां विपरीत रहेंगी। स्वास्थ्य लापरवाही के कारण खराब होगा। आर्थिक विषयों के फैसले सोच समझ कर ही करें हानि हो सकती है।

वृष: आज के दिन आप विरोधियों पर विजय पाएंगे। स्वभाव में दिखावे का क्रोध रहेगा अंदर से दयालु रहेंगे ध्यान रहे अधिक परोपकारी स्वभाव हानि भी करा सकता है।

मिथुन: आज का दिन मिश्रित रहेगा। वर्जित कार्यों की ओर आसानी से आकर्षित हो जाएंगे। सरकार अथवा रिश्तेदारों से अशुभ समाचार मिल सकते है।

कर्क: आज के दिन आप कार्यों में लापरवाही करेंगे जिससे कार्य में विलम्ब के साथ अन्य लोगो को असुविधा रहेगी। कार्य करते हुए भी मन कहीं और भटकेगा।

सिंह: आज का दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। ज्यादा उलझनों वाले कार्यों से दूर रहेंगे। अकारण क्रोध के प्रसंग बनने से अशांति रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। धन लाभ आवश्यकता के समय नहीं होगा लेकिन थोड़ा बहुत अवश्य होगा। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या: आज के दिन आप धन लाभ की आशा लगा कर रखेंगे परन्तु आशा के अनुसार नहीं होगा। मन कल्पनाओं के संसार में खोया रहेगा। धन कोष में कमी आएगी।

तुला: आज आप अत्याधिक भावुक रहेंगे आपसी संबंधों में स्वयं को ठगा सा महसूस करेंगे। आज मन की बात किसी से ना बांटें लोग सहायता की जगह हंसी उड़ाएंगे। धार्मिक गतिविधियों में समय देने से शांति मिलेगी।

वृश्चिक: आज के दिन आप अपने मन की ज्यादा सुनेंगे कार्यों में किसी का दखल आपको सहन नहीं होगा नाही आज किसी अन्य पर जल्दी से विश्वास करेंगे।

धनु: आज आप प्रत्येक कार्यों को देख-भाल कर ही करेंगे फिर भी सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे एवं मन में डर सा बना रहेगा। सन्तानो की आवश्यकता समय पर पूरी करें।

मकर: आज का दिन महिलाओं के लिए विशेष शुभ रहेगा निकट संबंधियों से अचानक भेंट होगी मन प्रसन्न रहेगा परन्तु किसी के तानों को अनदेखा करें शान्ति बनी रहेगी।

कुंभ: आज का दिन शुभ है। स्वास्थ्य की तरफ से निश्चिन्त रहेंगे। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा कार्यों को बेहतर तरीके से करेंगे। महिलायें आपकी ओर आकर्षित होंगी।

मीन: आज के दिन परिस्थितियां अनुकूल बन रही है। सेहत में सुधार आएगा कार्यों में गंभीरता से लगे रहेंगे। आज आप जिस कार्य में रुचि लेंगे उसे कर के ही मानेंगे चाहे हानि ही क्यों न हो। भाई बंधुओं के व्यवहार में स्वार्थ अधिक रहेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम भारत में किस स्वतंत्रता सेनानी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है?

2) उत्तराखंड सरकार ने अपनी पहली वाइन पर्यटन पहल किस शहर में शुरू की है?

3) होमी भाभा चेयर योजना का प्रबंधन किस संगठन द्वारा किया जाता है?

4) खबरों में देखा गया इलात की खाड़ी किस सागर में स्थित है?

5) हाल ही में दिवंगत रामकांत रथ किस क्षेत्र से जुड़े थे?

उत्तरमाला- (1) सरदार वल्लभभाई पटेल (2) देहरादून (3) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (4) लाल सागर (5) साहित्य

शब्द सागर

न्यूज गैलरी

मातृ पोषण और पेरेंटल आयरन के लिए चिकित्सकों एवं नर्सिंग ऑफिसर का प्रशिक्षण संपन्न

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और गर्भवती तथा धात्री माताओं को पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नर्मदापुरम नगर के कालिका नगर स्थित प्राइम लैंड होटल में चिकित्सको एवं नर्सिंग ऑफिसर का मातृ पोषण और पेरेंटल आयरन का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन और जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) डॉ. सृजन सेंगर की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल के प्रशिक्षक डॉ. देवेन्द्र गौर और डॉ. मंजू टोपे ने भाग लिया। उन्होंने एनीमिक, कम वजन और हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान तथा उन्हें सामान्य स्थिति में लाने के लिए आवश्यक चिकित्सीय एवं पोषण संबंधी उपायों पर प्रकाश डाला। डॉ. गौर और डॉ. टोपे ने बताया कि गर्भधारण की पुष्टि होते ही महिला का पंजीकरण, वजन, ऊँचाई, हीमोग्लोबिन, रक्त शर्करा, रक्तचाप और पेट की जांच कर उसकी स्वास्थ्य स्थिति का आकलन किया जाना चाहिए। हाई-रिस्क मामलों में एनीमिक, पिछला सीज़र प्रसव, कम वजन आदि के कारणों का तुरंत उपचार और प्रोटीन, विटामिन, आयरन-समृद्ध आहार की सलाह दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पहले एनीमिक गर्भवती महिलाओं को पाँच बार आयरन सुक्रोज इंजेक्शन दिया जाता था, जिसमें प्रत्येक डोज़ के लिए लगभग 30मिनट लगते थे और साइड-इफ़ेक्ट की संभावना रहती थी। अब इसे एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज) इंजेक्शन से बदल दिया गया है, जिसका केवल एक डोज़ 15मिनट में पूरा हो जाता है और कोई गंभीर साइड-इफ़ेक्ट नहीं देखा गया है। डॉ. सृजन सेंगर ने प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी मातृ पोषण और आयरन के महत्व के बारे में जानकारी दें, जिससे ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में उपस्थित सभी महिलाओं को उचित पोषण सलाह मिल सके। प्रशिक्षण में डॉ. शाश्वत बुचके, डीपीएम कविता भोई, एसटीएस देवनारायण खापरे, जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू तथा अन्य चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

टिमरनी महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक सम्पन्न

हरदा/नवप्रदेश। शासकीय भाऊ साहब भुस्कुटे महाविद्यालय, टिमरनी में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक पदेन अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनभागीदारी समिति के प्रभारी डॉ. अरुण कुमार सिकरवार ने महाविद्यालय में विगत वर्षों में संपादित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति से सदस्यों को अवगत कराते हुए वर्तमान बैठक के प्रस्तावित बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इन बिन्दूओं पर उपस्थित सदस्यों द्वारा सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने महाविद्यालय के समग्र विकास पर बल देते हुए विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों के प्रति जागरूक करने, आधुनिक खेल सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने तथा रोजगारोन्मुखी एवं कंप्यूटर आधारित पाठ्यक्रमों को सशक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ खेल अधोसंरचना से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि महाविद्यालय में कार्यरत सभी नियमित प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी समिति के अंतर्गत कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी दैनिक उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी के लिए न्यूनतम 6 घंटे की उपस्थिति अनिवार्य होगी, जिसे अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा। सार्थक ऐप में दर्ज उपस्थिति को कार्य अनुशासन, दायित्व निर्वहन, गोपनीय चरित्रावली संधारण एवं भविष्य में मानदेय निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार माना जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि नियमित कर्मचारियों की भांति जनभागीदारी समिति के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावलियों का विधिवत संधारण किया जाए तथा उनके कार्य निष्पादन, नियमितता एवं अनुशासन के आधार पर मानदेय का निर्धारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही स्थापित हो सके। बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के. जैन, जनभागीदारी समिति सदस्य श्रीमती गायत्री गोयल पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, श्री राजेश जैन, श्री हिमांशु बंसल, श्री अरुण कुमार तिवारी, श्री मुकेश शांडिल्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य की ओर से प्रतिनिधि श्री मनीष सोनकिया तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य की ओर से प्रतिनिधि डॉ. मुकेश कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। बैठक में महाविद्यालय के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रमुख निर्णयों में विगत वर्षों के कार्यों की समीक्षा, खेल मैदान के समतलीकरण का प्रस्ताव, नवीन पाठ्यक्रमों के अंतर्गत बी.ए. में

मिलर्स के साथ बैठक कर उपार्जित धान का उठाव सुनिश्चित करें: कलेक्टर मीना

धान उपार्जन 2025-26: अब तक कुल 7484 किसानों से 86370 एमटी धान का किया गया उपार्जन उपार्जन हेतु 91 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे का हुआ पंजीयन, गत वर्ष की तुलना में 31 हजार हेक्टेयर से अधिक बढ़ा पंजीयन हेतु रकबा किसान पंजीयन में भी हुई पिछले वर्ष से 10 हजार किसानों से अधिक की वृद्धि उपार्जित स्कंद के विरुद्ध 83 प्रतिशत से अधिक धान का हुआ परिवहन

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सतत रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में स्थापित 70 धान उपार्जन केंद्रों पर किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा सभी केंद्रों पर उपार्जन हेतु समस्त अवश्य सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए धान उपार्जन का कार्य निरंतर गति से करवाया जा रहा है। साथ ही कलेक?टर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समिति के अधिकारियों द्वारा सतत रूप से भ्रमण कर सुचारू उपार्जन प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जा रहा है। गत वर्ष की तुलना में जिले में 7 हजार हेक्टेयर से अधिक बढ़ा धान का रकबा, उपार्जन हेतु 91 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे का हुआ पंजीयन खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत नर्मदापुरम जिले में गत वर्ष की तुलना में लगभग 7700 हेक्टेयर से अधिक धान का रकबा बढ़ा है। जिले में धान उपार्जन के पंजीयन हेतु बनाए गए 30 केंद्रों से 2025-26 के लिए 32388 किसानों द्वारा पंजीयन किया गया है, जबकि गत वर्ष यह संख्या 21335 थी। किसानों द्वारा धान उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिए कुल 91693.89 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया गया है जो कि गत वर्ष की तुलना में 31294 हेक्टेयर अधिक है।

83 प्रतिशत से अधिक उपार्जित स्कंद का हुआ परिवहन, किसान पंजीयन में भी हुई 10 हजार से अधिक की वृद्धि

जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपार्जन वर्ष 2025-26 में 21925 किसानों ने स्लॉट बुकिंग की है। जो कि धान उपार्जन वर्ष 2024-25 में 15961 थी। उन्होंने जानकरी दी है कि अब तक 7484 किसानों से 86370 एमटी धान का उपार्जन किया जा चुका है। गत उपार्जन वर्ष 2024-25 की अवधि में कुल 13642 किसानों ने 166265 एमटी धान का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया था। वर्तमान में 70345 एमटी धान का सफल परिवहन किया गया है जो कि कुल उपार्जित धान का 83.45 प्रतिशत है। वर्तमान में लगभग 2076 एमटी धान आर टू टी के लिए शेष है। कुल उपार्जन मात्रा के विरुद्ध अब तक 60638 एमटी के स्वीकृति पत्रक जारी किए जा चुके है।

अब तक 125 करोड़ रुपए के ईपीओ हुए जारी

उपार्जित स्कंद के के लिए इस वर्ष कुल भुगतान योग्य राशि 204.6 करोड़ के विरुद्ध 125.4 करोड़ राशि के ईपीओ जारी किए जा चुके हैं। मिलर्स के साथ भी बैठक कर समन्वय स्थापित किया जा रहा है जिससे कि धान के उठाव में अधिक तेज़ी आए। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिन वेयरहाउस में धान का भंडारण पूरा किया जा चुका है उन सभी वेयरहाउस (उपार्जन केंद्रों) से धान का निरंतर परिवहन भी सुचारू किया गया है।

सूची से बाहर हुए वोटरों को मिलेगा एक और मौका ,हर वार्ड में लगेंगे कैंप

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में एसआईआर अभियान के तहत 20 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की मैपिंग अब भी पेंडिंग है। सूची से बाहर हुए वोटरों को एक और मौका देने के लिए शहर के सभी 85 वार्डों में विशेष मतदाता मैपिंग कैंप लगाए जाएंगे, जहां दस्तावेजों के आधार पर दावा-आपत्ति और नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

राजधानी भोपाल में मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत अब वार्ड स्तर पर सीधा हस्तक्षेप किया जाएगा। जिन मतदाताओं की मैपिंग पूरी नहीं हो सकी है और जो नई मतदाता सूची से बाहर होने की कगार पर हैं, उन्हें एक और मौका देने के लिए भोपाल के सभी 85 वार्डों में विशेष मतदाता मैपिंग कैंप लगाए जाएंगे। निर्वाचन आयोग की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार भोपाल जिले की सात विधानसभा सीटों में कुल 21 लाख 25 हजार से अधिक मतदाता दर्ज हैं। इनमें से करीब 79.36 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है, जबकि 20 प्रतिशत से अधिक फॉर्म अब भी पेंडिंग या अनकनेक्टेबल श्रेणी में हैं। यह स्थिति आगामी चुनावों से पहले प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है।

वार्ड-वार कैंप में होगी सीधी सुनवाई

जिला उप निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता के मुताबिक, जिन मतदाताओं की जानकारी बीएलओ सत्यापन में नहीं मिल पाई या जो अपने पते पर उपलब्ध नहीं थे, वे मैपिंग से बाहर रह गए। अब इन मतदाताओं को वार्ड कैंपों के जरिए सीधे अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर मिलेगा। उन्होने बताया कि हर वार्ड में लगाए जाने वाले कैंपों में बूथ लेवल अधिकारी (क्ष्ल्ह) और निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहेंगे। मतदाता मौके पर ही अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर मैपिंग पूरी करा सकेंगे। एक वार्ड में प्रतिदिन लगभग 50 मतदाताओं की सुनवाई किए जाने की योजना है।

20 प्रतिशत से ज्यादा मतदाता अब भी मैपिंग से बाहर

रिपोर्ट के मुताबिक करीब 4.64 लाख मतदाताओं में विसंगतियां दर्ज की गई हैं। इनमें से 4.38 लाख से अधिक मतदाता ऐसे हैं, जिनसे बीएलओ संपर्क नहीं कर पाए या जिनकी जानकारी फिजिकल सत्यापन में उपलब्ध नहीं हो सकी। यही कारण है कि बड़ी संख्या में नाम नई सूची से बाहर होने की आशंका बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में 5.08 प्रतिशत फॉर्म पेंडिंग हैं। भोपाल उत्तर में यह आंकड़ा 20.36 प्रतिशत, नरेला में 22.88 प्रतिशत, भोपाल दक्षिण-पश्चिम में 27.08 प्रतिशत और भोपाल मध्य में 27.53 प्रतिशत तक पहुंच गया है। गोविंदपुरा में 24.14 प्रतिशत और हुजूर विधानसभा क्षेत्र में 17.01 प्रतिशत फॉर्म अब भी निपटाए नहीं जा सके हैं।

अनकलेक्टेबल फॉर्म सबसे बड़ी चुनौती

हजारों फॉर्म ऐसे पाए गए हैं जिन्हें बीएलओ द्वारा अनकलेक्टेबल घोषित किया गया। इसके पीछे मतदाता की मृत्यु, स्थायी रूप से स्थानांतरण, घर पर अनुपस्थिति या पहले से किसी अन्य स्थान पर नाम दर्ज होना प्रमुख कारण बताए गए हैं। इन्हीं कारणों से 4.38 लाख से ज्यादा फॉर्म अनकलेक्टेबल की श्रेणी में आए हैं।

23 जनवरी के बाद दावा-आपत्ति का मौका

निर्वाचन विभाग के अनुसार 23 जनवरी को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। जिन मतदाताओं का नाम इसमें शामिल नहीं होगा, वे इसके बाद दावा-आपत्ति दर्ज करा सकेंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग का नवाचार

महापौर/पार्षद का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा के संबंध में ऑनलाइन सुनवाई

भोपाल/नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करने के संबंध में वीडियो काफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई का नवाचार किया है। अब संबंधित अभ्यर्थियों को सुनवाई के लिये राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल नहीं आना पड़ता। सुनवाई प्रत्येक गुरूवार को होती है। इससे अभ्यर्थियों के समय और धन दोनों की बचत हुई है। पूर्व में ऐसे प्रकरणों की सुनवाई राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्यालय भोपाल में होती थी।

अब तक 411 अभ्यार्थियों की हुई सुनवाई

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री श्रीवास्तव द्वारा फरवरी 2025 से अब तक व्ही.सी. के माध्यम से 411 अभ्यर्थियों की सुनवाई की जा चुकी है। भोपाल, खण्डवा, छिंदवाड़ा, मन्दसौर, धार, सतना, उमरिया, ग्वालियर, अलीराजपुर, राजगढ, नीमच, शाजापुर, डिण्डौरी, सागर एवं हरदा जिले के अभ्यार्थियों की सुनवाई की जा चुकी हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा 97 अभ्यर्थियो के निर्वाचन व्यय लेखे सुनवाई उपरांत एवं दस्तावेज प्रमाण के आधार पर मान्य किये गये। राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा 226 अभ्यर्थियो को व्ही0सी0 के माध्यम से सुनवाई उपरांत निरर्हित किया गया। अधिकतम पांच साल तक के लिये निरर्हित किये जाने का प्रावधान है।

अभ्यर्थी नियत तारीख प्रत्येक गुरुवार को सायंकाल 4ः30 क्ररूसे 6ः00क्ररूतक जिला मुख्यालय के एन आई सी रूम से जुड़कर राज्य निर्वाचन आयुक्त की व्ही0सी0 में सम्मिलित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये आयोग द्वारा जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

म.प्र. नगरपालिक निगम एवं मध्यप्रदेश नगर पालिक अधिनियम के तहत निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया जाना और लेखा दाखिल करने में असफलता पर निरर्हित घोषित किये जाने के प्रावधान हैं।

नैसिंगक न्याय के आधार पर लेखा दाखिल करने में असफल अभ्यर्थियों को विलम्ब से लेखा दाखिल करने और विहित रीति में लेखा दाखिल नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को पक्ष समर्थन के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया जाता है।

शासकीय माध्यमिक शाला तिंदनी एवं शासकीय हाईस्कूल गाजीपुर में जागरूकता कार्यक्रम

मंडला/नवप्रदेश। शासकीय माध्यमिक शाला तिंदनी एकीकृत एवं शासकीय हाईस्कूल गाजीपुर में शिक्षक और छात्र/छात्राओं के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें प्रभारी प्रशासक श्रीमती मधुलिका उपाध्याय द्वारा जेंडर सेंसटाईजेशन, पॉक्सो एक्ट और बाल विवाह रोकथाम, पॉश एक्ट की जानकारी दी गई। इस दौरान छात्र/छात्राओं, शिक्षकगण, प्राचार्य, प्रधानाध्यापिका, स्वास्थ्य विभाग से ए.एन.एम. आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। पॉक्सो एक्ट के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सेक्सुअल हैरेस्मेंट से बचाव के लिये जागरूक किया गया। सभी छात्र/छात्राओं को लिंग भेद मिटाने की जानकारी दी गई। समाज में सशक्तिकरण लाने में महिला और पुरूष दोनों का बराबरी से योगदान होना चाहिये, इसलिये एक दूसरे के प्रति मान सम्मान और आदर की भावना रखना अनिवार्य है। 18 वर्ष के पहले लड़की एवं 21 वर्ष के पहले लड़के का विवाह बाल विवाह कहलाता है, जिसे सरकार द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। इसमें 1 लाख का जुर्माना और 2 वर्ष का कारावास या दोनों का प्रावधान है। बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शिक्षक एवं छात्र/छात्राओं को शपथ दिलाई गई। यदि कहीं बाल विवाह होता दिखे तो टोल फ्री नंबर 181, 1098 एवं दूरभाष नंबर 07642-252699 पर अपनी शिकायत दर्ज करवायें। बाल विवाह के विरूद्ध 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसका लक्ष्य वर्ष 2029 तक सभी लोगों को जागरूक करना और सुदृढ़ीकरण द्वारा बाल विवाह को समाप्त करना है। साथ ही विवाह पंजियन को अनिवार्य बनाना और बाल विवाह मुक्त गांव और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पंचायतों का चिन्हांकन किया जाना है।

महिलाओं और बलिकाओं के लिये संचालित आपातकालीन और गैर आपातकालीन सेवाओं तक त्वरित पहुंच सुविधा के लिये वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं, सायबर हेल्पलाईन नंबर 1930 एवं डायल 112 के उपयोग के बारे में बताया गया। वन स्टॉप सेंटर की केसवर्कर श्रीमती आशा नंदा के द्वारा छात्र/छात्राओं को गुड टच और बेड

मंत्री विजय शाह के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के नेतृत्व में मंत्री का बंगला घेराव की थी तैयारी, पुलिस ने रोका

भोपाल/नवप्रदेश। रतलाम में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह द्वारा लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं की जांच कराने के बयान का लगातार विरोध हो रहा है। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के नेतृत्व में आज भोपाल में महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से मंत्री विजय शाह के बंगले का घेराव करने जा रही महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रेडक्रॉस चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोक लिया। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई।

पुलिस ने गिरफ्तार किया, वापस पीसीसी छोड़ा

प्रदर्शनकारी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रेडक्रॉस हॉस्पिटल के सामने से गिरफ्तार कर पुलिस वैन में भर लिया। थोड़ी देर बाद पुलिस वैन से ही महिला कांग्रेस नेत्रियों को पीसीसी छोड़ दिया।

कार्रवाई नहीं होती इसलिए कर रहे अपमान- रीना

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने कहा- विजय शाह जो महिलाओं के लिए जो शब्द बार-बार निकालते हैं उसकी समझाइश देने के लिए हम और हमारी महिला कांग्रेस की बहनें उनके बंगले पर जा रहे थे। पिछले पांच दिनों से महिला कांग्रेस प्रदेश भर में उनके पुतले जला रही है, लेकिन उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनकी हिम्मत इसलिए बड़ती है, क्योंकि वो पहले भी कई बार हमारे देश की बेटियों को अपमानित कर चुके हैं। तब भी उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

शिवराज की पत्नी के अपमान पर मंत्री पद से हटाया था

रीना बोरासी ने कहा- 2013 में उन्होंने शिवराज जी पत्नी का अपमान किया था। चूंकि वे बीजेपी लीडर की धर्मपत्नी थी तब उनको मंत्रिपद से बर्खास्त से कर दिया था। मैं मोहन यादव से पूछना चाहती हूं कि सम्मान सिर्फ आपकी महिलाओं का है बाकी महिलाओं हमारे देश की बेटी और लाड़ली बहना का सम्मान नहीं हैं।

आपके किसी नेता की पत्नी के लिए बोलेंगे तो आप बर्खास्त कर देंगे और जब देश की बेटी के लिए बोलेंगे या लाड़ली बहना के लिए बोले तो आपने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। अगर उन्हें मंत्रिपद से बर्खास्त नहीं करते, या इस्तीफा नहीं दिलवाते तो हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। जब तक वो इस्तीफा नहीं देते या सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगते तब तक महिला कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।

एक महिला कार्यकर्ता की चप्पल और चूड़ियां टूटी

रेडक्रॉस चौराहे पर पुलिस और महिला कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की में भोपाल की एक महिला कांग्रेस पदाधिकारी रूपाली शर्मा की चप्पलें और चूड़ियां टूट गईं। इसके बाद रूपाली पूरे समय तक नंगे पैर ही प्रदर्शन करती नजर आईं।

लाड़ली बहना को घूस थोड़ी दे रहे

रूपाली शर्मा ने कहा कि मेरी चप्पल और चूड़ियां तोड़ दीं। विजय शाह लगातार महिलाओं का अपमान करते आ रहे हैं। उन्होंने 10 महीने पहले विंग कमांडर सोफिया कुरैशी की बेइज्जती की। अब लाड़ली बहनों के लिए कह रहे हैं कि वे अगर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में नहीं जाएंगी तो उनके आधार कार्ड की जांच होगी। मतलब लाड़ली बहना का लाभ नहीं मिलेगा। क्यों नहीं मिलेगा भाई, ये महिलाओं को कोई घूस थोड़ी दे रहे हैं। ये उनका हक है। इसी बात को लेकर हम लोग उनके घर पर जा रहे थे। पुलिस ने इतनी बैरिकेडिंग करके हमें रोक लिया है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. विजय शाह ने यह बयान 14 दिसंबर 2025 को रतलाम जिले में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक के दौरान दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को करोड़ों रुपए दे रही है, इसलिए लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री के सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित होना चाहिए। जो महिलाएं कार्यक्रम में नहीं आएंगी, उनके लाभार्थी दस्तावेजों (जांच/वेरिफिकेशन) को 'पेंडिंग' (लंबित) रखा जा सकता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि महिलाएं कार्यक्रम में आती हैं, तो उनकी सहायता राशि में 250 रुपए की वृद्धि पर विचार किया जा सकता है।

नेशनल हेराल्ड का फर्जी केस गांधी परिवार को बदनाम करने की साजिश: नितिन पोटाई

फैसले के बाद देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री इस्तीफा दे.......

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू न्यायालय ने ईडी की चार्ज शीट पर सुनवाई करने से मना कर दिये जाने के बाद यह सिद्ध हो गया कि भाजपा झूठे मुकदमें के जरिये गांधी परिवार को बदनाम करने की साजिश कर रही है। यह मामला बहुत ही अजीबो गरीब है क्योंकि इसमें ना तो पैसे का कोई लेनदेन हुआ और ना ही अचल संपत्ति का हस्तांतरण हुआ। फिर ऐसे फर्जी मामले में गांधी परिवार एवं कांग्रेस पार्टी को बदनाम करना समझ से परे है। उन्होने कहा कि यह मामला बिना तथ्य के 2014 से चल रहा है। कोई साक्ष्य नही होने के बाद भी राहुल गांधी सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से कई घंटों तक पूछताछ की गई।

कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि नेशनल हेराल्ड का फर्जी मामला राजनीतिक बदले और द्वेष की भावना से किया गया है। यह अखबार 1938 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा शुरू किया गया था। जिसे भाजपा सरकार धनशोधन जैसी चीजों से जोड़कर बदनाम कर रही है। जबकि सच्चाई यह है कि इस मामले में कुछ भी नही है। लेकिन फिर भी भाजपा इसे मुद्दा बनाकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को परेशान करने की कोशिश कर रही है। श्री पोटाई ने कहा कि मोदी सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए इसी तरह नेताओं पर ईडी के मामला दर्ज करवाती आई है। तथा भाजपा ने इसी तरह लोगो को डरा कर अपनी ओर किया और सरकार भी बनायी। अब फैसला न्याय के पक्ष में आया है।और सत्य की जीत हुई है।इस फैसले का हम स्वागत करते है। यह फैसला प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मुंह पर तमाचा है। अब उन्हें एक राजीनामा देना चाहिए कि भविष्य में वे लोगों को सताने का काम नही करेंगे। पोटाई ने कहा कि 16 दिसम्बर के अदालत के फैसले ने मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर लगाये गए झूठे आरोप, साजिश और बदले की भावना को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। मोदी जी ने बार-बार कांग्रेस के नेताओं, खासकर गांधी परिवार पर मनगढंत आरोप लगाए मीडिया ट्रायल करवाया और देश को गुमराह किया। श्री पोटाई ने कहा कि गांधी परिवार ने देश के लिए त्याग और बलिदान दिया है ऐसे बिना किसी साक्ष्य के गांधी परिवार को बदनाम करना स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा नही हैं।

उन्होनें आगे कहा कि अदालत के इस फैसले ने उन सभी आरोपी की हवा निकाल दी है और भाजपा सरकार का पर्दाफाश कर दिया है। नेशनल हेराल्ड मामला इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार कैसे जांच ऐजेंसियों का दुरूपयोग करती है। इस केस में में कांग्रेस नेताओं से 80 घंटे पूछताछ की गई, बिना ये जाने के इसमें प्राथमिकी दर्ज ही नही हुई कानून की नींव में खड़ा किया गया मुकदमा, अपने बोझ से खुद गिर गया।

कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि अब कांग्रेसी डरने वाले नहीं हम सड़कों पर उतरकर इस राजनीतिक प्रतिशोध को बेनकाब करेंगे। पिछले सात वर्षो से कांग्रेस पार्टी को ईडी द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। हमारे वरिष्ठ नेताओं को बदले की राजनीति के जरिये निशाने बनाये जा रहा है इससे कांग्रेस कार्यकर्ता गुस्से में है। इसलिए कांग्रेस पार्टी सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग का पुरे देश में विरोध करेगीं।

न्यूज गैलरी

नक्सल हिंसा में मृतकों के परिजनों को 35 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के 7 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए कुल 35 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

उद्यानिकी फसलों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा लागू

बीजापुर /नवप्रदेश। किसान भाइयों के हित में भारत सरकार द्वारा संचालित पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से वर्ष 2025 में राज्य के सभी 33 जिलों में लागू किया गया है। इसी कड़ी में बीजापुर जिले के उद्यानिकी किसानों को भी योजना का लाभ लेने का अवसर दिया गया है। सहायक संचालक उद्यान, जिला बीजापुर से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2025 में उद्यानिकी फसलों टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू को बीमा हेतु अधिसूचित किया गया है। इन फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत बीमा प्रीमियम राशि कुल बीमित राशि का 5 प्रतिशत किसानों द्वारा देय होगी। प्रति हेक्टेयर प्रीमियम दर इस प्रकार है टमाटर ?4400, बैंगन ?2850, फूलगोभी ?2700, पत्तागोभी ?2700, प्याज ?2750 एवं आलू ?4800। किसान इस योजना के तहत निर्धारित तिथि से पूर्व नजदीकी बैंक शाखा, सहकारी समिति, सीएससी सेंटर, डाकघर अथवा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (हृष्टढ्ढक्क) के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा कराकर योजना का लाभ ले सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए किसान जिला कार्यालय सहायक संचालक उद्यान बीजापुर, शासकीय उद्यान रोपणी कार्यालय बैदरगुड़ा, पामलवाया, गौराबेड़ा विकासखंड भैरमगढ़, उसूर एवं पेगड़ापल्ली भोपालपटनम के कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही बीमा कंपनी के प्रतिनिधि के मोबाइल नंबर 6260703107 पर भी संपर्क किया जा सकता है। सहायक संचालक उद्यान ने जिले के सभी उद्यानिकी किसानों से अपील की है कि वे प्राकृतिक आपदाओं से फसल सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समय रहते फसल बीमा अवश्य कराएं।

बीजापुर जिले में धान खरीदी के एवज में करोड़ों का भुगतान

बीजापुर /नवप्रदेश। जिला बीजापुर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 2540 किसानों से धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों से कुल 14,3948.40 मीट्रिक टन धान उपार्जित किया गया है।धान खरीदी के एवज में किसानों को कुल 340.13 करोड़ रुपये का समर्थन मूल्य भुगतान निर्धारित किया गया जिसमें से 122.82 करोड़ रुपये की राशि अब तक किसानों के खातों में भुगतान की जा चुकी है। वहीं शेष राशि का भुगतान भी चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार जिले के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की देय राशि भी सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है।

पैसा दोगुना करने का झांसा देने वाला आरोपी गिरफ्तार

65 लाख का निवेश के नाम पर धोखाधडी...

कांकेर/नवप्रदेश। डब्ल्यूएफ्टी कंपनी में पैसा लगाकर दुगुना पैसा देने की लालच देकर 65,18,400 रूपये धोखाधड़ी करने वाले आरोपी विनोद कुमार पांडे पिता रामकुमार पांडे उम्र 45 वर्ष निवासी टांडापारा तहसील खरसिया जिला रायगढ़ हाल पता राजकिशोर नगर बिलासपुर मकान नंबर 132 थाना सरकंडा जिला बिलासपुर को थाना भानुप्रतापपुर ने गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 73/2025- धारा 420, ढ्ढक्क्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।भानुप्रतापपुर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 24 दिसंबर 2025 को प्रार्थिया कामेश्वरी नाग पिता माखनलाल नाग उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कुआं पानी थाना भानुप्रतापपुर के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी विनोद कुमार पांडे जो ग्रामों में जाकर जैविक खाद का प्रचार प्रसार करता था इसी दौरान प्रार्थिया की

परिचय वर्ष 2023 में आरोपी विनोद कुमार पांडे से हुआ आरोपी द्वारा प्रार्थिया को डब्ल्यूएफ्टी कंपनी में पैसा इन्वेस्ट करने से डेढ़ माह में पैसा दोगुना होकर मिलेगा एवं इस ट्रेड कंपनी को मेरे द्वारा ही संचालित किया जाता है कंपनी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर मेरे खाता में पैसा जमा करना होगा बोलकर प्रार्थिया एवं अन्य लोगों को राशि दुगना करने का झांसा देकर 65,18,400 रुपए लेकर धोखाधड़ी करने से प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना भानुप्रतापपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया आरोपी द्वारा घटना घटित कर फरार होने से,मामला गंभीर होने उमनि-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इन्दिरा कल्याण ऐलिसेला के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर आकाश श्रीमाल दिशा निर्देश अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रामेश्वर प्रसाद देशमुख द्वारा टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु जिला बिलासपुर रवाना किया गया था आरोपी द्वारा पुलिस टीम को देखकर लुक छुप कर भागने का प्रयास किया जा रहा था पुलिस पार्टी द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर थाना भानुप्रतापपुर लाकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार करने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर उप निरीक्षक प्रेम कुमार झा महिला प्रधान आरक्षक डिलेश्वर ठाकुर आरक्षक प्रणय यादव आरक्षक हेमंत मरकाम आरक्षक ओजस्वी मांडवी का विशेष योगदान रहा है।

जिले में 21 से 23 दिसंबर तक राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान

बीजापुर/ /नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। इस तीन दिवसीय अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 38,523 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 403 पोलियो बूथ बनाए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी ने बताया अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 दिसंबर को प्रातः जिला स्तर पर कलेक्टर महोदय एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद विकासखंड स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

अभियान के प्रथम दिवस बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि द्वितीय एवं तृतीय दिवस टीकाकरण दलों द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक से छूटे बच्चों को कवर किया जाएगा। अभियान के लिए

स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं तथा वैक्सीन एवं अन्य लॉजिस्टिक सामग्री का वितरण विकासखंडों और शहरी क्षेत्रों में किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 21 दिसंबर को नजदीकी पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं ताकि जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखा जा सके।

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की सतत निगरानी फूटे चने में हानिकारक रंग के उपयोग पर कड़ी कार्रवाई

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा फूटे एवं रोस्टेड चने में औद्योगिक रंग औरामाईन 'ओ' के उपयोग को लेकर जारी अलर्ट के बाद जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सतत निगरानी एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई तेज कर दी गई है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ दीपक कुमार अग्रवाल एवं कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन कांकेर द्वारा फूटे चने के कारोबार पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में जिले के बड़े व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर दबिश दी गई। संदेह के आधार पर फूटे चने का स्टॉक जब्त कर औरामाईन 'ओ' की विशेष जांच हेतु राज्य के बाहर स्थित विशेषज्ञ प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके साथ ही कन्फेक्शनरी उत्पादों के 5 नमूने भी प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं।

विभाग द्वारा यह भी जांच की जा रही है कि फूटे चने का स्टॉक कहां से मंगाया गया तथा किन-किन स्थानों पर इसका वितरण किया गया। इस संबंध

में संबंधित फर्मों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्री सुष्मित देवांगन ने बताया कि वर्तमान जांच में जिले में फूटे चने के विनिर्माता नहीं पाए गए हैं, हालांकि जिले में छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से फूटे चने का आयात हो रहा है। जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखंड मुख्यालयों के बड़े व्यापारियों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर फूटे चने के निर्माण एवं विक्रय से जुड़े सभी कारोबारी विभाग की सतत निगरानी में हैं।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ की जानकारी तत्काल विभाग को दें। विभाग द्वारा समय-समय पर की जा रही कार्रवाई के तहत 6 खाद्य कारोबारकर्ताओं के नमूने फेल पाए जाने पर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। प्राप्त जवाब के आधार पर अग्रिम कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।इसके अतिरिक्त, बिना खाद्य लाइसेंस, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर एक फर्म के विरुद्ध अर्थदंड की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य पदार्थों की पैकिंग में न्यूज़पेपर के उपयोग पर भी सख्ती बरतते हुए संबंधित कारोबारकर्ताओं को नोटिस जारी कर इसे तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान धारा 55 के अंतर्गत 5 खाद्य व्यापारियों को नोटिस दिया गया है, अनुपालन न होने पर आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई

अंतागढ़ /नवप्रदेश । सतनामी समाज अंतागढ़ द्वारा संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की 269वीं जयंती प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत नगर में भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें पंथी गीतों की मधुर धुन पर नाचते-झूमते महिला, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए शहर के हृदय स्थल पहुँची, जहाँ नगर पंचायत अध्यक्ष एवं नगर के प्रथम नागरिक माननीय श्री राधेलाल नाग जी तथा पूर्व विधायक अंतागढ़ विधानसभा माननीय श्री अनूप नाग जी द्वारा गुरु घासीदास बाबा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

तत्पश्चात शोभायात्रा उन्मुक्त खेल मैदान पहुँची, जहाँ समाज की

महिलाओं द्वारा पूजा की थाल सजाकर जैतखाम में पालो चढ़ाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गुरु बाबा जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राधेलाल नाग, पूर्व विधायक श्री अनूप नाग जी, पार्षद श्री संजय ध्रुव, श्री राकेश गुप्ता, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी डौंडी श्री प्रवीण चतुर्वेदी, सहायक प्राध्यापक श्री प्रशांत रंगारी, श्री अखिलेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे, जिनका समाज द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया। मंच से अतिथियों द्वारा संत गुरु घासीदास बाबा जी के सात उपदेशों एवं 'बियालिस अमृत वाणी' का सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर ÷मनखे-मनखे एक समान÷, सतनाम पर विश्वास, नशा-मुक्त जीवन, जुआ, चोरी एवं व्यभिचार से दूर रहने, समानता, एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत पंथी नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

प्रथम पेज का शेष

बांग्लादेश में हिंदू युवक...

टैंड इलाके में ले गई, उसे रस्सी से एक पेड़ से बांध दिया और नारे लगाते हुए उसमें आग लगा दी। हिंसा और कट्टरपंथ की ये कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना में भीड़ ने शव को ढाका-मैमनसिंह हाईवे पर ले जाकर फिर से उसमें आग लगा दी, जिससे ट्रैफिक में रुकावट आई और स्थानीय लोगों में डर फैल गया। भालुका उपजिला के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मोहम्मद फिरोज हुसैन ने कहा कि पैगंबर का अपमान करने के आरोप में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। बांग्लादेश के पूर्व मंत्री और अवामी लीग के नेता मोहम्मद अली अराफात ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश लगातार बड़े पैमाने पर कट्टरपंथ की ओर बढ़ रहा है।

बीजापुर मठभेड़ में एसीएम ...

इस अभियान के दौरान 19 दिसंबर की सुबह 06 बजे से डीआरडी बीजापुर और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। अब तक सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से 1 माओवादी का शव, 303 रायफल, पिस्टल सहित विस्फोटक सामग्री एवं माओवादी सामग्री मौके से बरामद हुई है। बरामद हथियार :-303 रायफल, 01 मैग्जीन 03 राउण्ड.9एमएम पिस्टल, 01 मैग्जीन, 09 राउण्ड. स्कैनर सेट 02 नग.रेडियो, मेडिकल किट, कार्डेक्स वायर, माओवादी पिटठू, पिस्टल पोच, माओवादी पर्चा आदि सामग्री बरामद।

धर्मांतरण की आग में ...

किया गया है स्पष्ट नहीं हो पाया है।

मामला शव दफन को लेकर शुरू हुआ जो बढ़ते बढ़ते एक विकराल रूप ले लिया जानकारी के अनुसार बड़े तेवड़ा के सरपंच राजमन अपने पिताजी की मौत के बाद पिताजी के शव को ईसाई समुदाय के रीति रिवाज के अनुसार गाँव में ही कफन दफन कर दिया था जिसका विरोध में आदिवासी समुदाय खड़ा हो गया था। आदिवासी समुदाय के लोगों का कहना था कि आदिवासी परंपरा के अनुसार शव दफन नहीं किया गया है इसलिए शव को बाहर निकाला जाए और यहां से दूर ले जाया जाए। वहीं पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन दोनों समुदाय के लोगों को समझाने का प्रयास किया परंतु आदिवासी समाज के लोग अपनी बातों पर अड़े रहे, जिसके बाद विवाद बढ़ गया जो तीन चर्च तोडने् और 20 से अधिक लोगों के घायल होने के बाद पुलिस प्रशासन के सक्ती लाठीचार्ज करने के बाद शांत हुआ।

बवाल के दूसरे दिन पूरे आमाबेड़ा में पसरा रहा सन्नाटा : आमाबेड़ा में दो दिनों के बवाल के बाद तीसरे दिन पूरे आमाबेड़ा में सन्नाटा पसरा हुआ था वहीं बवाल के बाद कई जवान घायल होने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन पूरे आमाबेड़ा के चौक चौराहों के अलावा ग्राम बड़े तेवड़ा में काफी तादाद में जवानों की मुस्तैदी कर रखी थी ताकि किसी प्रकार की अनहोनी घटना और घटित न हो सके।

पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाल लोगों को दिया शांति का संदेशः आमाबेड़ा में बवाल होने के बाद पूरे आमाबेड़ा एरिया को पुलिस प्रशासन ने छावनी में तब्दील कर दिया है। वहीं तीसरे दिन पुलिस ने आमाबेड़ा थाना से पूरे आमाबेड़ा में फ्लैग मार्च निकालते हुए लोगों को दुकानें खोलने और किसी भी प्रकार के अनहोनी घटनाओं में शामिल न होने की समझाइश दी है।

पीएम आज बंगाल को ...

मोदी का यह दौरा राजनीतिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछले कुछ समय में पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण और अन्य दूसरे मुद्दों को लेकर राजनीति तेज हो रही है।

सियासी सरगर्मियों के बीच दौराः संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान मनरेगा और दूसरे मुद्दों पर बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के बीच तकरार खुलकर सामने आई थी। जी राम जी बिल पर भी तृणमूल सांसदों ने संसद के अंदर और बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार देर रात राज्यसभा में जी रामजी बिल पास होने के बाद तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने संसद के गेट पर कई घंटे तक धरना प्रदर्शन किया था।

बंगाल से जाएंगे असमः इसके बाद पीएम मोदी दो दिन के दौरे पर असम जाएंगे, जहां वह 15,600 करोड़ रुपये के प्रोजेक्टों का लोकार्पण और नीव रखेंगे। वह जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। असम के पहले मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई के नाम पर स्थापित नए टर्मिनल के बाहर उनकी 80 फुट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री 4,000 करोड़ रुपये की लागत से बने नए टर्मिनल का भी उद्घाटन करेंगे।

विद्या से बड़ा कोई धन नहीं,

मापदंड है। सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। मंत्री श्री राजपूत ने सभी छात्र-छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री राजपूत ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को को स्कूटी वितरण कर उन्हें शुभकामनाएं दी। सरकार द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से 335 विद्यार्थियों को लैपटॉप तथा 22 विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की गई हैं। वहीं कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को 2028 निःशुल्क साइकिलों का वितरण कर शिक्षा को सुलभ बनाया गया।

विद्यालयों के अधोसंरचना विकास के अंतर्गत 7 अतिरिक्त कक्षों को प्रयोगशालाओं के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें शासकीय कन्या उमावि राहतगढ़ एवं मीरखेड़ी में लगभग 19.86 लाख रुपये तथा शासकीय हाईस्कूल गुरैया एवं भीष्मनगर में 18.55 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य स्वीकृत हुए। इसके अतिरिक्त 22 विद्यालयों के अनुरक्षण हेतु 70.18 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हर

युवा साथी विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के आधार हैं। उन्होंने कहा कि यह समय नीतियां बनाने और योजनाओं का क्रियान्वयन करने के साथ नवाचार को समझने, तकनीक को अपनाने और नागरिक की दृष्टि से सोचने का भी है। हमें सेवा कर पाने का अवसर सौभाग्य से मिलता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने यह सौभाग्य अपने कठिन परिश्रम से अर्जित किया है। हमारी संस्कृति में नर सेवा को नारायण सेवा माना गया है। आम आदमी के कष्टों का समाधान करने, उनकी समस्याओं की सुनवाई करने और सार्थक समाधान देने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमें प्रदेश के विकास के लिए अपना शत-प्रतिशत देने का संकल्प लेना होगा।

राजधानी भोपाल को आज

परिवहन प्रणाली के साथ ही शहर की प्रगति का प्रतीक है। स्मार्ट, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल यात्रा को ब?ावा देते हुए यह परियोजना आवाजाही को आसान बनाएगी। शुभारंभ के साथ भोपाल एक आधुनिक, हरित और सुलभ राजधानी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम ब?ा रहा है। भोपाल मेट्रो के पहले चरण ऑरेंज लाइन %प्रायोरिटी कॉरीडोर% का शुभारंभ किया जा रहा है। लगभग 7 किलोमीटर के इस खंड में 8 एलिवेटेड स्टेशन शामिल हैं। यह स्टेशन एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति स्टेशन, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस चौराहा, केन्द्रीय विद्यालय एवं सुभाष नगर है। यह कॉरीडोर शहर के व्यस्त मार्गो पर सुगम यातायात उपलब्ध करेगा और प्रदूषण को कम करने में सहायता प्रदान करेगा। मेट्रो का यह कॉरीडोर नागरिकों की यात्रा को सरल और आसान बनायेगा।

अर्थ नीति ही तय करती है

इकोनॉमी के विचारकों और वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम के सभी सदस्यों ने कॉफ्रेंस में शिरकत की। वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंसङ्क2025 भारत की आर्थिक सोच, सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक दृष्टि को एक साझा मंच प्रदान कर रहा है, इससे देश की भावी विकास यात्रा को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश की बेजोड़ उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य निवेश, उद्योग, कृषि, ऊर्जा और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। मध्यप्रदेश में कभी भी औद्योगिक बाधाओं (इंडस्ट्रियल अनरेस्ट) की शिकायत नहीं रही।

जी राम जी के पक्ष में सरकार की दलीलें और विपक्ष की मुखलाफत

विपक्षी दलों के भारी विरोध बीच पारित इस विधेयक पर केंद्र सरकार का दावा है कि इसे विकसित भारत, 2047 के विजन के साथ तैयार किया गया है और इससे मजदूरों के जीवन के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर में भी बदलाव आएगा. इसे संक्षेप में 'विकसित भारत–जी राम जी' विधेयक कहा जा रहा है. सरकार इसके पक्ष में दलीलें दे रही हैं और विपक्षी दल इसके खिलाफ। वर्ष 2005 में केंद्र की तत्कालीन यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम यानी नरेगा बनाया किया था। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के विचारों को इससे जोड़ने के लिए चार साल बाद इस योजना के नाम में उनका नाम जोड़ दिया गया। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में कनेक्टिविटी मजबूत की जाएगी ताकि बाजारों तक पहुंच आसन हो सके. इसमें उन इलाकों में नए तालाबों के निर्माण और पुराने के पुनरुद्धार का भी प्रावधान है ताकि ग्रामीण इलाकों में जल सुरक्षा मुहैया कराई जा सके। पानी और सिंचाई की सुविधाएं मिलने से बहुफसली खेती को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना में मुख्य रूप से चार बिंदुओं को प्राथमिकता दी गई है. इनमें जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही ग्रामीण इलाके में आधारभूत ढांचे को मजबूत करना, जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की दिशा में काम करना और रोजगार से संबंधित आधारभूत ढांचे को मजबूत करना शामिल है। केंद्र सरकार का कहना है कि रोजगार के मौके बढ़ने से ग्रामीण इलाकों से पलायन पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। पहले अक्सर खेती खासकर बुवाई और कटाई के समय मजदूरों की कमी से जूझना पड़ता था. लेकिन नए कानून के तहत खेती के सीजन में 60 दिनों तक योजना का काम बंद रहेगा. इससे मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी. यह 60 दिन केंद्र सरकार ही तय करेगी।

मनरेगा कानून को बदलने के विरोध में उतरी डीएमके

❒ प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन का एलान

नई दिल्ली। तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस ने मनरेगा के बदले लाए गए नए विधेयक के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का एलान किया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को बदलने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पारित नए कानून के खिलाफ 24 दिसंबर को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मनरेगा योजना के लाभार्थियों को डीएमके और अन्य सहयोगी पार्टियों के जिला सचिवों, विधायकों, स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों और गठबंधन पार्टियों के सदस्यों द्वारा लामबंद किया जाएगा। गठबंधन की मांग है कि विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन विधेयक, 2025 को वापस लिया जाए, जो मनरेगा को खत्म करता है और एक नया ग्रामीण रोजगार ढांचा पेश करता है। डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जारी बयान में कहा, '24 दिसंबर को, प्रदेश में सुबह 10 बजे और पार्टी के सभी स्थानीय स्तरों पर 100-दिवसीय रोजगार योजना के लाभार्थियों को लामबंद करके विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 18 दिसंबर को, तमिलनाडु सरकार ने केंद्र की नई ग्रामीण रोजगार योजना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें महात्मा गांधी का नाम हटाना और राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा।

डंकी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई करोड़ों रुपये और 300 किलो चांदी जब्त

नई दिल्ली। डंकी रूट के जरिए भारत से युवाओं को अमेरिका भेजने के मामले में ईडी ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने दिल्ली-पंजाब समेत कई राज्यों में दर्जन भर से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में ईडी ने चार करोड़ रुपये से ज्यादा नकद और 300 किलो से ज्यादा चांदी और छह किलो सोने के बिस्किट जब्त किए। ये छापे गुरुवार को दिल्ली, पंजाब (जालंधर) और हरियाणा (पानीपत) में एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर मारे गए।

आरोप है कि एजेंट अवैध रूप से अमेरिका जाने वाले लोगों के प्रॉपर्टी के दस्तावेज अपने कमीशन की रकम की गारंटी के तौर पर रखते थे। 'डंकी' शब्द का मतलब उस लंबी और मुश्किल यात्रा से है जो अप्रवासी अवैध रूप से देशों में घुसने के लिए करते हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जुलाई में डंकी मामले में पहली बार छापेमारी की थी। हाल ही में कुछ ट्रैवल एजेंटों की 5 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की थी, जिन्होंने इस अवैध रैकेट के पीछे कुछ कथित आरोपियों की पहचान की गई। श्वष्ठ की जांच पंजाब और हरियाणा पुलिस द्वारा फरवरी 2025 में अमेरिकी सरकार द्वारा सैन्य कार्गो विमानों में 330 भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेजने के संबंध में दर्ज की गई। इन मामलों में कई एफआईआर हुईं। ईडी का कहना है कि आरोपियों ने उन्होंने भोले-भाले लोगों को कानूनी रूप से अमेरिका भेजने का लालच देकर धोखा दिया और इसके लिए भारी रकम वसूली।

दिल्ली के ट्रैवल एजेंट से करोड़ों रुपये जब्त

अधिकारियों ने दावा किया कि दिल्ली के एक ट्रैवल एजेंट के ठिकाने से 4.62 करोड़ रुपये कैश, 313 किलो चांदी और 6 किलो सोने के बिस्किट जब्त किए हैं। जांचकर्ताओं ने छापों के दौरान मिले फोन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से कुछ आपत्तिजनक चैट भी बरामद की हैं। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में एक मुख्य आरोपी के ठिकाने से 'डंकी' बिजनेस से जुड़े रिकॉर्ड और दस्तावेज मिले हैं।

जाली नोट गिरोह का पर्दाफाश 6.51 लाख के नकली नोट जब्त

❒ उच्च अधिकारियों के निर्देशन में ऑपरेशन

जयपुर। जयपुर क्राइम ब्रांच आयुक्तालय की सी.एस.टी. टीम ने पुलिस थाना चित्रकूट (पश्चिम) क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए जाली नोटों के अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफेड़ किया है। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 6 लाख 51 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए गए। साथ ही जाली नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त जयपुर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन और विशेष पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश के निर्देशन में की गई। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त लाल मीना के नेतृत्व में सी.एस.टी. टीम ने लगातार आसूचना संकलन के बाद यह सफलता हासिल की।

पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह के सरगना गौरव पुडीर को सहारनपुर, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से जाली नोट छापने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफपहले भी जाली नोटों से जुड़े प्रकरण दर्ज रहे हैं।

इंडिगो की उड़ानों में हुई गड़बड़ी पर डीजीसीए सख्त

नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइन में हाल ही में हुई बड़े पैमाने पर उड़ानों की गड़बड़ी को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) अब कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि डीजीसीए की ओर से गठित चार सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट मिलते ही एयरलाइन के खिलाफ विस्तृत और सुधारात्मक कार्रवाई होगी।

इस महीने की शुरुआत में उड़ानों में हुई गड़बड़ियों के बाद, डीजीसीए ने इंडिगो के शीतकालीन समय-सारणी में 10 प्रतिशत की कटौती की है। परिचालन संकट से पहले देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो रोजाना 2,300 फ्लाइट्स ऑपरेट करती थी। अधिकारी ने साफ किया कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य भविष्य में ऐसी तकनीकी और परिचालन संबंधी गड़बड़ियों को दोबारा होने से रोकना है।

यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य एयरलाइंस के शेड्यूल पालन की भी निगरानी की जा रही है? इस पर जवाब देते हुए अधिकारी ने कहा 'कोहरे के मौसम और छुट्टियों के सीजन को देखते हुए एयरलाइंस को अधिक जिम्मेदारी से काम करना चाहिए ताकि यात्रियों को असुविधा न हो।

ट्रम्प ने वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर कानूनी तौर पर हस्ताक्षर किए

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर कानूनी तौर पर हस्ताक्षर कर दिए है। अमेरिकी सीनेट ने बुधवार को वित्त वर्ष 2026 के लिए 901 अरब डॉलर का राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम पास कर दिया। इस विधेयक को सीनेट में 77-20 और हाउस में 312-112 वोटों से मंजूरी मिली।

हिंसा और नफरत कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे, दोषियों को बख्शेंगे नहीं

ढाका। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को देश में जारी हिंसा और अशांति पर अपनी पहली प्रतिक्रिया जारी करते हुए नागरिकं से भीड़ हिंसा के कृत्यों का विरोध करने का आग्रह किया। सरकार ने कहा कि वह हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति के विनाश के सभी रूपों की "कड़ी और स्पष्ट रूप से" निंदा करती है। बांग्लादेश की युनूस सरकार ने चेतावनी दी कि ऐसे कृत्य देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पटरी से उतारने का खतरा पैदा करते हैं। अंतरिम सरकार ने कहा, हम हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति के विनाश के सभी कृत्यों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं।

युनूस सरकार की सख्त चेतावनी

युनूस सरकार ने बांग्लादेश के सभी नागरिकों से भीड़ हिंसा के सभी रूपों का विरोध करने का आग्रह किया, जिसे उसने कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दिया गया बताया। सरकार ने कहा, "यह हमारे देश के इतिहास का एक महत्वपूर्ण मोड़ है। हम इसे उन कुछ लोगों के हाथों पटरी से उतरने नहीं दे सकते और न ही ऐसा होने देना चाहिए जो अराजकता फैलाते हैं और शांति को नकारते हैं।"

मोहम्मद युनूस ने आगे कहा, यह वादा उस सपने से अविभाज्य है जिसके लिए शहीद शरीफ उस्मान हादी ने अपना प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान का सम्मान करने के लिए संयम, जिम्मेदारी और घृणा को नकारने की दृढ़ प्रतिबद्धता आवश्यक है।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

शेयर बाजार में जमकर निवेश कर रहे भारतीय इस साल 4.5 लाख करोड़ रुपए इक्विटी में डाले

मुंबई(आईएएनएस)। भारतीय शेयर बाजार में घरेलू निवेशक जमकर निवेश कर रहे हैं। इस साल म्यूचुअल फंड्स और अन्य अप्रत्यक्ष निवेश तरीकों से घरेलू निवेशकों ने इक्विटी मार्केट्स में 4.5 लाख करोड़ रुपए डाले हैं। यह दिखाता है कि घरेलू सेविंग्स अब धीरे-धीरे मार्केट की ओर आकर्षित हो रही है। यह जानकारी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि कोरोना का बाद देश का रिटेल निवेशकों का आधार तेजी से मजबूत हुआ है और व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2025 तक बढ़कर 12 करोड़ से अधिक हो गई है, जो कि 2019 में तीन करोड़ के आसपास थी। एनएसई की रिपोर्ट में बताया गया कि इस बढ़त को केवल डायरेक्ट इक्विटी निवेश में भागीदारी का ही समर्थन नहीं मिला है, बल्कि म्यूचुअल फंड्स और अन्य बाजार से जुड़े उत्पादों का भी समर्थन मिला है। 2020 के बाद भारत का मार्केट-लिंक्ड उपकरणों में घरेलू निवेश बढ़कर करीब 17 लाख करोड़ रुपए के करीब पहुंच गया है।

अमेजन पे ने लॉन्च किया यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन

नई दिल्ली। अमेजन पे ने आज यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च करने की घोषणा की। इसके साथ ही अमेजन पे यह जबरदस्त फीचर शुरू करने वाला भारत का पहला पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर बन गया है। अब ग्राहक बिना पिन याद रखे या डाले, सिर्फ फिंगरप्रिंट या फेस स्कैन से अपने ट्रांजैक्शन को मंजूरी दे सकते हैं। चाहे किसी दोस्त को पैसे भेजने हों, दुकान पर भुगतान करना हो या अमेजन पे यूपीआई के जरिए बैलेंस चेक करना हो – अब आपकी उंगली का निशान या चेहरा ही आपकी सुरक्षित चाबी बनेगा। नई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सुविधा के तहत 5,000 रुपये तक के लेनदेन के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होगी। शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि ग्राहकों को यह अनुभव काफी पसंद आ रहा है। पात्र पीयर-टू-पीयर यूपीआई ट्रांजैक्शन में 90 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक बायोमेट्रिक विकल्प को चुन रहे हैं। यह नई सुविधा भुगतान प्रक्रिया को तेज, आसान और सुरक्षित बनाती है, क्योंकि बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन ग्राहक के डिवाइस से जुड़ा होता है ।

रत्चानोक इंतानोन की सेमी फाइ. में पहुंचने की उम्मीद बरकरार

हांग्जो(आईएएनएस)। पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन ने शुक्रवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के शुरुआती लीग स्टेज में चीन की तीसरी सीड हान यू पर आसान जीत के साथ महिला सिंगल्स ग्रुप बी से आगे बढ़ने की अपनी उम्मीदें बनाए रखीं। हांग्जो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम के कोर्ट 1 पर खेले गए मैच में, रत्चानोक 38 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-10 से विजेता बनीं। इस बीच, ग्रुप ए में, कोरिया की टॉप सीड से यंग और अकाने यामागुची वरीयता में शीर्ष पर रहीं, जिससे सेमीफाइनल में उनकी जगह पक्की हो गई। से यंग तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहीं, जबकि यामागुची तीन मैचों में दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी तीन मैचों में एक जीत से एक अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि टोमोका मियाजाकी चार खिलाड़ियों के ग्रुप में तीन हार और बिना किसी अंक के आखिरी स्थान पर रहीं। से यंग ने चौथी सीड वाली यामागुची को तीन कड़े गेम में हराया, पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए 47 मिनट में 13-21, 21-5, 21-14 से जीत हासिल की। उसी कोर्ट 2 पर खेले गए एक मैच में, इंडोनेशिया की पुत्री ने जापान की टोमोका मियाजाकी को दो गेम में हराया, 38 मिनट में 21-17, 21-9 से जीत हासिल की। शाम के सेशन में, भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ग्रुप बी के मुकाबले में मलेशिया के दूसरी सीड वाले एरॉन चिया और सोह वूई यिक पर जीत के साथ अपने ग्रुप का अंत करने की उम्मीद करेंगे।

भारती एयरटेल में शीर्ष नेतृत्व स्तर पर परिवर्तन की घोषणा

गोपाल विट्ठल बनेंगे एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन; शाश्वत शर्मा जनवरी 2026 से एमडी और सीईओ की जिम्मेदारी संभालेंगे

नई दिल्ली। पिछले तेरह वर्षों से भारती एयरटेल का नेतृत्व मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ के रूप में कर रहे गोपाल विट्ठल को सुव्यवस्थित उत्तराधिकार योजना के तहत, अक्टूबर 2024 में भारती एयरटेल लिमिटेड का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया था, जबकि शाश्वत शर्मा को कंपनी का सीईओ डेज़िग्नेट बनाया गया था।

पूर्व निर्धारित उत्तराधिकार प्रक्रिया के अनुरूप, 1 जनवरी 2026 से गोपाल विट्ठल भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन की भूमिका संभालेंगे। इस नई जिम्मेदारी में वे भारती एयरटेल और उसकी सभी सहायक कंपनियों की निगरानी करेंगे।

अपने नए पद में गोपाल विट्ठल समूह स्तर पर डिजिटल और टेक्नोलॉजी, नेटवर्क रणनीति, प्रोक्योरमेंट और टैलेंट जैसे क्षेत्रों में तालमेल को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इसके साथ ही वे समूह की रणनीति और संगठन को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।

सफल और सुव्यवस्थित ट्रांजिशन प्रक्रिया के बाद, 1 जनवरी 2026 से शाश्वत शर्मा भारती एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ का पद संभालेंगे।

'रात अकेली है– द बंसल मर्डर्स' रिव्यू

मुंबई। फिल्मः रात अकेली है - द बंसल मर्डर्स, निर्देशकः हनी त्रेहान, कलाकारः राधिका आप्टे, रजत कपूर, संजय कपूर, अखिलेंद्र मिश्रा, दीप्ति नवल, रेवती, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, चित्रांगदा सिंह, प्रियंका सेतिया, कहां देखेंः नेटफ्लिक्स, रिलीज डेटः 19 दिसंबर 2025, रन टाइमः 2 घंटे 15 मिनट, रेटिंग्सः 4 स्टार्स। 'रात अकेली है- द बंसल मर्डर्स' ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह फिल्म 2020 में रिलीज हुई पहली हिट फिल्म 'रात अकेली है' का सीक्वल है। हालांकि, फिल्म को इस तरह बनाया गया है कि अगर आपने पहली फिल्म नहीं देखी है, तब भी आप इसे आसानी से समझ सकते हैं। फिल्म की कहानी बंसल परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। यह एक अमीर और प्रतिष्ठित परिवार है, लेकिन एक रात अचानक वहां कई हत्याओं की घटनाएं घटती हैं।

न्यूज गैलरी

भारतीय क्रिकेटर रजत पाटीदार ने किए भगवान महाकाल के दर्शन

उज्जैन/नवप्रदेश। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी श्री रजत पाटीदार ने गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किए। उन्होंने भोग आरती में सहभागिता कर विधिवत पूजन-अर्चन किया और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और आस्था का माहौल बना रहा। श्री पाटीदार ने नंदी हाल से भगवान महाकाल के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक श्री एस.एन. सोनी ने भारतीय क्रिकेटर श्री रजत पाटीदार का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर और डीएफओ द्वारा महाकाल सांस्कृतिक वन का निरीक्षण किया गया

उज्जैन/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह एवं वन मंडल अधिकारी श्री अनुराग तिवारी द्वारा गत दिवस महाकाल सांस्कृतिक वन का निरीक्षण किया गया एवं पार्क का प्रस्तावित लोकार्पण एवं उद्घाटन आगामी दिनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा पौधा रोपण कार्य की प्रशंसा की गई। कलेक्टर एवं डीएफओ द्वारा सिंदूर के पौधे का रोपण भी किया गया।

इस अवसर पर वन विभाग द्वारा नवाचार करते हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से नहीं बल्कि पौधों से किया गया। इस अवसर पर एसडीओ श्री विक्रम सोलंकी, रेंजर श्री जीवन सिंह पोलाया, डिप्टी रेंजर श्रीमती रजनी चौहान, डिप्टी रेंजर श्री अनिल सेन, वनरक्षक श्री ओमप्रकाश डाबी उपस्थित रहे।

आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में रैली एवं ज्ञापन आज

उज्जैन/नवप्रदेश। फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ (अजाक्स) तथा एससी-एसटी-ओबीसी के विभिन्न संगठनों द्वारा अजाक्स संगठन के प्रांताध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना आज तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने के दौरान टॉवर चौक पर संतोष वर्मा को पद से हटाए जाने के विरोध में जोरदार नारेबाजी की गई। धरने में मौजूद राम सोलंकी एवं धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि बीते तीन दिनों से लगातार शांतिपूर्ण आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन शासन द्वारा अब तक उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। इसी कारण मजबूर होकर शनिवार, 20 दिसंबर को उज्जैन में बड़ा आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। सुबह 11 बजे फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विशाल रैली की शुरुआत की जाएगी। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कोठी कार्यालय पहुंचेगी, जहां मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। रैली में 15 से 20 हजार समाजजनों के शामिल होने की संभावना जताई गई है। संगठनों का आरोप है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा बिना समुचित विचार-विमर्श, तथ्यों की निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया अपनाए बिना आईएएस संतोष वर्मा को पद से हटाया गया है। इसी कार्रवाई के विरोध में लगातार धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। संगठनों ने सरकार से मांग की है कि संतोष वर्मा के खिलाफ की गई कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।बइस रैली में अजाक्स संगठन के साथ-साथ डॉ. आंबेडकर विद्यार्थी संगठन (DAVS), भीम आर्मी, भारतीय बौद्ध महासभा, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा, डोमा परिसंघ, आजाद समाज पार्टी, गुजराती बलाई युवा संगठन, मालवीय बलाई समाज संगठन, रविदास सेवक संघ, गुजराती सूर्यवंशी समाज सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी, डोमा परिसंघ के प्रदेश महासचिव जे.के. मालवीय, भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष आर.आर. जवादे, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सोलंकी, आज समाज पार्टी से राजेश वर्षी, डॉ. आंबेडकर विद्यार्थी संगठन (छ्ठ्क्ट्ट) के उज्जैन संभाग अध्यक्ष संदीप मालवीय, संभाग प्रभारी राहुल भीयांजा, विशाल परमार, बंटी नेता मुकेश खलीफा, भगवान खांडेकर, रणजीत कबीर पंथी, शशिकांत देशभरतर, विलास साखरे और रोशन हेमराज सोलंकी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने सिंहस्थ के अंतर्गत पुल निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर स्टेंडप मीटिंग ली

उज्जैन/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए लोकनिर्माण (सेतु) द्वारा किए जा रहे पुल निर्माण का स्थलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा दो पुल कर्कराज पार्किंग से भूखी माता मंदिर और शिप्रा नदी पर छोटा पुल निर्माण का निरीक्षण किया गया और स्पॉट पर स्टेंडअप मीटिंग भी ली गई।

कर्क राज पार्किंग से भूखी माता लाल पुल पहुँच मार्ग पर स्थित क्षिप्रा नदी पर बन रहे नवीन 4-लेन पुल के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि यहाँ पर 12 पाइल का कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष निर्माण कार्य निरंतर प्रगतिशील है। कलेक्टर ने संबंधित फर्म और विभागीय अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर और समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पुल का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है और साइट पर लैब भी स्थापित की गई है, जिससे समय-समय पर कार्य की गुणवत्ता की जांच की जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

कार्तिक चौक से शंकराचार्य चौराहा रोड (छोटा पुल) के बीच स्थित शिप्रा नदी पर बन रहे पुल के निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि यहां भी कार्य सुचारू रूप से जारी है और यह पुल सिंहस्थ के समय में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। छोटे पुल पर 7 पाइल का कार्य प्रगतिशील है, साथ ही पानी की पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य भी किया जाना है। कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम को पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री गोपाल डाड, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, ईई सेतु विभाग श्री पी.एस पंथ एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

नारायणा धाम में पंच कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा 24 दिसंबर से

उज्जैन/नवप्रदेश। विश्व प्रसिद्ध श्री कृष्ण सुदामाजी की मित्रता स्थली ग्राम नारायणा धाम में पंच कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा 24 दिसंबर से प्रारंभ होगी। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिती परिवार के केशर सिंह पटेल व डॉ मोहन शर्मा ने बताया कि 28 दिसम्बर तक श्री कृष्ण सुदामा नारायणा धाम में श्री गोपाल पंच कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का मूल पाठ एवं संतो के प्रवचन, यज्ञदर्शन का पवीत्र कार्य होंगे। यज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा कि तैयारियां जोरो पर चल रही हैं।अनन्त श्री विभूषित श्री श्री धरानंद जी महाराज की प्रेरणा से होने जा रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में यज्ञाचार्य दिनेश शास्त्री, मूल पाठ आचार्य चेतन दूबे, उपाचार्य गोपाल शास्त्री, मंदिर पुजारी पं. दौलतराम शर्मा रहेंगे। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिती परिवार ने सभी धर्मालुजनों से अनुरोध किया है कि इस पुण्य कार्य में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेवे।

मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना में उज्जैन जिले के 6 ग्राम स्वीकृत

पांच वर्ष का संपूर्ण सेचुरेशन प्लान तैयार करने के निर्देश

उज्जैन/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले के छह ग्रामों का अनुमोदन किया गया है। जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कुमट ने बताया कि योजना में बड़नगर जनपद का मकड़ावन, घट्टिया का नज़रपुर, खाचरौद का चापाखेड़ा, महिदपुर का मकला, तराना का कचनारिया एवं उज्जैन जनपद का तालोद ग्राम शामिल किया गया है। सीईओ जिला पंचायत ने समस्त संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभाग की योजनाओं का पांच वर्ष का संपूर्ण सेचुरेशन प्लान तैयार कर शीघ्र संबंधित जनपद पंचायत सीईओ एवं जिला पंचायत को उपलब्ध कराएं। योजना के तहत चयनित ग्रामों में गौपालन, दुग्ध उत्पादन, डेयरी विकास, स्वच्छता, हरियाली, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, अधोसंरचना विकास एवं रोजगार आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। उद्देश्य चयनित ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाकर अन्य ग्रामों के लिए आदर्श के रूप में विकसित करना है। मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों में गौशाला, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल भवन, सड़क, नाली, पेयजल, सौर स्ट्रीट लाइट, आजीविका केंद्र, बायोगैस संयंत्र, पार्क, सिंचाई संसाधन सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ

उज्जैन/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल व जिला सहकारी संघ मर्यादित, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन जिले की जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन के तराना तहसील के शाखाओं एवं सेवा (बी पेक्स) सहकारी संस्थाओं के प्रशासक, शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर आपरेटरों का दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने स्वागत भाषण में शिक्षण प्रशिक्षणों का महत्व बताते हुए लाईट का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक अंधेरे कमरे में एक दीप प्रज्वलित होने से हमें अंधकार से मुक्ति मिलती है उसी प्रकार से हमे शिक्षण प्रशिक्षणों से ज्ञान रूपी ज्योत जाग्रत होकर संस्थाओं से संबंधित नित्य कार्यों से हमें सहयोग व सहायता मिलती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ए. के. सिंह ने कहा कि जिस प्रकार चलायमान पानी चलता रहता है व साफ होता रहता है, उसी प्रकार शिक्षण प्रशिक्षणों से व संस्थागत गत कार्यों में कम्प्यूटरिकरण से पारदर्शिता व कार्यो में तेजी आवेगी। सहायक आयुक्त, संजय कौशल ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में सहकारिता अधिकारियों, कर्मचारियों को सदस्य के प्रति जबावदेही के साथ कार्य करें, जिससे सहकारी संस्थाएँ उन्नती और विकास की ओर अग्रसर हो सके। म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित, इन्दौर के सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य दिलीप मरमट ने कहा कि शिक्षण प्रशिक्षणों से नवाचार के अंतर्गत कार्य करने में अनुभव व ज्ञान प्राप्त होता है। आडीट आफीसर संजीव शर्मा ने सहकारिता क्या, क्यों और कैसे व सहकारिता से सहकार व संस्थाओं में सहकारिता के माध्यम से समृद्धि कैसे हो के संबंध में एवं साथ ही नवीन बी.पैक्स संस्थाओं को किस प्रकार से सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करना चाहिये के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक मदन साखला ने कहा कि संस्थाओं के कर्मचारी अपने कार्यों में दक्ष तो होते ही है, लेकिन इस प्रकार के शिक्षण प्रशिक्षणों से प्रेक्टिकल कार्यों में और अधिक निपुण होकर सहकारिता से समृद्धि की नीति को साकार कर सकेंगे। आपने जिला संघ द्वारा प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में सतत् प्रशिक्षण आयोजन करने पर प्रशंसा व्यक्त की। शाखा प्रबंधक दिनेश जादौन ने शाखाओं में प्रबंधन, ऋण वितरण एवं वसूली के संबंध विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

सिंहस्थ कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी

कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों की अमानत राशि होगी राजसात

उज्जैन/नवप्रदेश। सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन नगर निगम द्वारा शहर में व्यापक विकास एवं निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। लेकिन जिन कार्यों के टेंडर पूर्ण होकर वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं, उनमें से कई कार्यों को संबंधित ठेकेदारों द्वारा अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए महापौर श्री मुकेश टटवाल ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान महापौर श्री टटवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन ठेकेदारों को बार-बार सूचना पत्र एवं अंतिम नोटिस जारी किए जाने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनकी अमानत राशि राजसात की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिंहस्थ से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जोनवार कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा



बैठक में नगर निगम के समस्त जोनों में प्रचलित विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि–

जोन क्रमांक 01 में चक्रतीर्थ क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा और सौंदर्यकरण के लिए वाटरप्रूफ शेड निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं जोन क्रमांक 02 में नगरकोट माता मंदिर क्षेत्र के पास रिटर्निंग वॉल का निर्माण किया गया है, जिससे जलभराव की समस्या समाप्त होगी। वहीं फाजलपुरा कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका शीघ्र लोकार्पण किया जाएगा। जोन क्रमांक 03 में संजीवनी क्लीनिक एवं धार्मिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग का कार्य किया गया है। जोन क्रमांक 04 में वार्ड 45 में महापौर मद से बैक लाइन गलियों का सौंदर्यकरण स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए किया गया है। साथ ही महिलाओं के लिए स्नान गृह एवं दशहरा मैदान स्टेडियम का निर्माण किया गया है। जोन क्रमांक 05 एवं 06 में भी विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्य प्रचलित हैं।

गुणवत्ता और गति पर विशेष जोर

महापौर ने सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण, कायाकल्प योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण, मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना तथा प्रोजेक्ट सेल के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ गति भी सुनिश्चित की जाए।

सम्राट विक्रमादित्य बस्ती माधव नगर द्वारा हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति का गठन

उज्जैन/नवप्रदेश। विक्रमादित्य बस्ती माधव नगर (फ्रीगंज एवं दशहरा मैदान) द्वारा 4 जनवरी 2026 को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बस्ती के समस्त हिंदू समाज एक स्थल पर एकत्र होकर सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं सहभोज कार्यक्रम मे सम्मिलित होगा। सम्मेलन के संबंध में बस्ती द्वारा संत श्री विद्यासागर भवन, फ्रीगंज समिति बैठक में मुकेश दिसावल, गोपाल गुप्ता एवं राकेश जाट की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति में लक्ष्मीनारायण अग्रवाल संयोजक, साशा जैन और कपिल राठौर को सह-संयोजक तथा अभिषेक गोयल को कोष प्रमुख बनाया गया। समिति कार्यालय का उद्घाटन संत एवं समाजजन के सानिध्य में आज 20 दिसंबर को रात्रि 8 बजे गोयल चैंबर्स, घंटाघर फ्रीगंज पर होगा। उक्त जानकारी समिति संयोजक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने दी।

स्वत्वाधिकारी,प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नं. 03 नेशनल प्रेस एरिया लिंक रोड नं. 3 से मुद्रित कर ई -2/237 अरेरा कॉलोनी भोपाल से प्रकाशित मो. 9425237314 Email- navpradeshbhopal@gmail.com (न्याय क्षेत्र भोपाल)